

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 57 | ग्वालियर सोमवार 28 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# पीएम मोदी बोले- जी-20 की अध्यक्षता करना भारत के लिए गौरव की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिये देशवासियों को संबोधित किया. मन की बात कार्यक्रम का यह 95वां एपिसोड है. उन्होंने कहा कि त-20 की अध्यक्षता, हमारे लिए एक बड़ा अवसर है. हमें इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर करना है. तेलंगाना के राजन्ना सिर्सिल्ला जिले के एक बुनकर भाई येल्धी हरिप्रसाद गारू जी ने मुझे अपने हाथों से बुनकर त-20 का लोगो भेजा है, मैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं. त20 की अध्यक्षता करना भारत के लिए गौरव की बात है. आजादी के अमृतकाल में भारत को बड़ी जिम्मेदारी मिली है. देश के लोग त20 से खुद को कनेक्ट हो रहे हैं.



भारत की अप्रोच की दुनिया में सराहना हो रही है. जी-20 की विश्व जीडीपी में 85 प्रतिशत की हिस्सेदारी है. पीएम मोदी ने कहा कि मन की बात के 100 एपिसोड भी जल्द पूरे होंगे. मन की बात से 130 करोड़ लोगों से जुड़ने का एक माध्यम है. आप कल्पना कर सकते हैं जो बच्चे कभी हाथ से कागज का हवाई जहाज बनाकर उड़ाया करते थे, उन्हें अब हवाई जहाज बनाने का मौका मिल रहा है. स्पेस को निजी क्षेत्र के लिए खोले जाने के बाद, युवाओं के सपने साकार हो रहे हैं और रॉकेट बना रहे ये युवा मानो कह रहे हों- भारत में प्राइवेट स्पेस सेक्टर में नया युग है. 18 नवंबर को भारत ने स्पेस सेक्टर में इतिहास रचा है. युवाओं को देश में ही रॉकेट बनाने का मौका मिला है. विक्रम-स रॉकेट कई खूबियों से लैस है. उन्होंने कहा कि ड्रोन के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है. हाल ही में हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में ड्रोन के जरिए सेब ट्रांसपोर्ट किए गए. प्रधानमंत्री ने कहा किबीते आठ वर्षों में भारत से संगीत वाद्य यंत्रों का निर्यात साढ़े तीन गुना बढ़ गया है, जबकि निर्यात 60 प्रतिशत बढ़ा है. भारतीय संस्कृति और संगीत का क्रेज पूरी दुनिया में बढ़ रहा है. हम भारतीय हर चीज में संगीत तलाश लेते हैं. संगीत हमारे समाज को भी जोड़ता है. देशभर के आदिवासियों के संगीत की परंपरा हमें साथ में रहने का संदेश देता है.

### हत्या की कोशिस

## तीन हमलावरों ने मेरी हत्या की कोशिश कीः इमरान खान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार को कहा कि तीन नवंबर को वजीराबाद में एक विरोध मार्च के दौरान उनपर कातिलाना हमला करने में तीन शूटर शामिल थे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी अध्यक्ष को इस हमले में दाहिने पैर में गोली लगी थी। वह मध्यावधि चुनाव के लिए दबाव बनाने के वास्ते सरकार के खिलाफ मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। रावलपिंडी में अपनी पार्टी की एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए, खान ने शनिवार को कहा कि दो हमलावरों में से एक ने उन पर और पीटीआई के अन्य नेताओं पर गोली चलाई थी और दूसरे शूटर ने कंटेनर पर गोलीबारी की थी, जबकि तीसरा व्यक्ति कथित हत्यारे को चुप कराने के लिए वहां था ताकि कोई ब्योरा नहीं दिया जा सके। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, 70 वर्षीय खान ने दावा किया कि इस तीसरे शूटर ने रैली में एक व्यक्ति की हत्या की थी जब वह संभावित हत्यारे को मारने की कोशिश कर रहा था।

## विक्रम गोखले को याद कर भावुक हुए नवाजुद्दीन सिद्दीकी



**नई दिल्ली।** अभिनेता विक्रम गोखले के निधन ने हर किसी को परेशान कर दिया है. इस साल बॉलीवुड के कई बड़े एक्टर्स ने दुनिया को अलविदा किया है. जानकारी के लिए बता दें कि एक्टर को दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मल्टी ऑर्गन फेल होने के कारण उनका निधन हो गया. अभिनेता कुछ दिनों से जिंदगी और मौत के बीच की जंग लड़ रहे थे. उनके जाने पर कई बड़े कलाकारों ने शोक जाहिर किया था, जिसमें अब नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम भी शामिल हो गया है. एक्टर ने विक्रम गोखले के साथ अपने कुछ यादगार पलों को साझा किया है, जिसे सुनने के बाद कोई भी भावुक हो सकता है. आपको बता दें कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने प्रसिद्ध अभिनेता को याद करते हुए कहा, मुझे उनके साथ काम करने का सम्मान मिला.

## गाजियाबाद में बैठै-बैठे अमेरिका में हैक कर लिया सिस्टम और उड़ाए करोड़ों रुपये

**गाजियाबाद।** भारत में बैठकर अमेरिका के लोगों के सिस्टम को हैक कर ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर को साइबर सेल और लिंक रोड थाने की पुलिस ने पकड़ा है। गैंग करीब दो साल से इस प्रकार की ठगी कर रहा था। हाल ही में बिजनेस पार्क मॉल में गैंग अपना कॉल सेंटर चला रहा था। सीओ साइबर अंशु जैन ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई करते हुए कॉल सेंटर के सुपरवाइजर नवदीप, नदीम, अभिषेक, ओम, आकाश, राजा, रणजीत, ताबिश, रोहित, ऋषि, ऋषभ, मेहरूनिशा, अरुण कुमार, सत्यनारायण, लोपामुद्रा को गिरफ्तार किया गया है। नवदीप एमबीए तक पढ़ाई के बाद इस गैंग से जुड़ा था। उनके पास से चार



कार, 22 कंप्यूटर, अमेरिकी लोगों का डेटा समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। कॉलर सेंटर रात को चलता था, जिसकी वजह से ज्यादा जानकारी लोगों नहीं लग पाई थी। कॉल सेंटर को चलाने वाले संदेश, पारस और सौरभ फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। बदमाशों ने दो वर्षों में 50 करोड़ से अधिक की ठगी की है।

शुरुआती जांच में सामने आया कि गैंग का एक अमेरिकी कंपनी के साथ कॉल सेंटर का टाइअप था। उसी के नाम पर वह यह ऑफिस चला रहे थे। प्रिंटर एरर पर सर्विस देने वाली कंपनी की तरफ से गैंग को लोगों का डेटा मिलता था। वह उस डेटा का प्रयोग कर लोगों के सिस्टम में रैनसमवेयर डाला करते थे। इसके बाद उनके पास एक कॉलिंग ऐप से कॉल कर बात करते थे। इस दौरान टारगेट को सिस्टम को ठीक करने की बात कर रिमोट को इंस्टॉल कर उसे पूरी तरह से अपने कब्जे में लिया करते थे।

### गुवाहाटी में भी नजर

## गुवाहाटी में भी शिंदे पर बीजेपी की निगरानी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की सियासत में अब इस बात की चर्चा है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर बीजेपी की तरफ से गुवाहाटी में भी नजर रखी जा रही है। दरअसल, कामाख्या देवी का दर्शन करने गए लोगों में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी मोहित (कंबोज) भारतीय और बीजेपी कोटे के मंत्री रविंद्र चव्हाण भी गुवाहाटी गए हैं। हालांकि, इस बारे में फडणवीस की ओर कहा गया कि शिंदे के पहले दौरे में भी ये दोनों शामिल थे और इस बार भी गए। इसमें नई बात क्या है। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान रविंद्र चव्हाण ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का फोन आया था और उनसे गुवाहाटी चलने को कहा। इसलिए वे देवी के दर्शन करने जा रहे हैं। हालांकि, शिंदे के साथ में उनके करीबी मंत्री अब्दुल सत्तार, गुलाबराव पाटील, तानाजी सावंत, महेंद्र दलवी, संजय गायकवाड और सांसद श्रीरंग बारणे नहीं गए। अपने समर्थक विधायकों और सांसदों के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को गुवाहाटी के कामाख्या देवी में हाजिरी लगाई। दर्शन, पूजा-पाठ करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हमने श्रद्धापूर्वक हृदय से देवी कामाख्या की पूजा की।

## न्यूज ट्रैक

### पहाड़ों की बर्फबारी से बढ़ी सर्दी, दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण का स्तर बेहद खराब



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में जहां वायु प्रदूषण का स्तर बहुत ही खराब कैटेगरी में है तो वहीं पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर भी मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है. बर्फबारी से सर्दी बढ़ गई है. अगर दिल्ली के बार्डर से सटे इलाकों को छोड़कर गौर करें तो उत्तर प्रदेश के कई शहरों में मौसम बिल्कुल साफ है. इन शहरों की हवा की गुणवत्ता काफी बेहतर है. पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से दिल्ली एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड बढ़ गई है. ठंड के साथ दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में लगातार बढ़ता प्रदूषण और खराब विजिबिलिटी चिंता बड़ा रही है. अब लोग सुबह और शाम के वक्त ठिठुरन महसूस कर रहे हैं और धुंध छाई रहती है. साथ ही इस हफ्ते तापमान में गिरावट देखी जा रही है.

### हमीरपुर में स्कूल के हेडमास्टर समेत तीन महिला टीचरों पर छेड़खानी का मामला दर्ज

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ताजा मामला एक सरकारी विद्यालय का सामने आया है, जिसमें डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने यहां कोतवाली में स्कूल के हेडमास्टर समेत चार टीचरों के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। हमीरपुर जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र के एक स्कूल में तैनात हेडमास्टर



(प्रधानाध्यक) ने स्कूल की चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी को कमरे में बंद कर उसके साथ दरिंदगी करते हुए छेड़खानी की थी। विरोध पर उसे हेडमास्टर और स्कूल में तैनात तीन महिला टीचरों ने भी पीड़ित महिला कर्मी के साथ मारपीट की थी। इस घटना की तहरीर कोतवाली में पीड़ित महिला कर्मी ने दी थी, लेकिन पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की थी। स्कूल में बेइज्जती से क्षुब्ध महिला कर्मी ने पूरे मामले की शिकायत डीआईजी बांदा से की थी, जिस पर डीआईजी ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के आदेश पुलिस को दिए थे। मामला डीआईजी के यहां पहुंचने पर कोतवाली पुलिस ने इस मामले की एफआईआर दर्ज कर घटना की आज जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ित महिला का सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। मौदहा कोतवाली के इंस्पेक्टर हेमंत मिश्रा ने शनिवार को दोपहर बताया कि सरकारी स्कूल की महिला कर्मी के साथ स्कूल में ही कमरा बंद कर छेड़खानी की गई थी। इस घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है, जिसमें स्कूल के हेडमास्टर फिरोज उद्दीन, सहायक शिक्षिका निधि कुशवाहा, सहायक शिक्षिका सलोनी व अनुराधा शिक्षा मित्र को नामजद किया गया है। बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है। महिला का मेडिकल कराने के साथ ही नामजद आरोपियों की धरपकड़ करने की कार्रवाई जल्द ही कराई जाएगी।

## देवरिया में पिछले 8 सालों से नहीं पूरा हो पाया पुल निर्माण

**देवरिया।** योगी सरकार रुके हुए कामों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए जोर दे रही है, लेकिन देवरिया में एक पुल पिछले आठ सालों में अधूरा पड़ा हुआ है। देवरिया जिले में सरयू नदी के दियारा क्षेत्र के गांवों को बाहरी दुनिया से जोड़ने वाले मोहन सेतु का निर्माण कार्य ठप पड़ा है। यह पुल चार साल में ही बनकर तैयार होना था, लेकिन आठ साल बाद भी पुल का निर्माण अधूरा है। पुल निर्माण में देरी के चलते लागत कई गुना बढ़ गई। कार्यदायी संस्था सेतु निगम के अधिकारी अब रिवाइज इस्टीमेट के इंतजार में हैं। पुल बन जाने से मऊ, गाजीपुर, बलिया और वाराणसी की राह देवरिया से आसान हो जाएगी और दियारा क्षेत्र के ग्रामीणों को भी सहूलियत मिलेगी। समाजवादी चितक एवं



पूर्व सांसद स्व. मोहन सिंह के निधन के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उनके नाम पर बरहज में पुल बनाने की घोषणा की थी। 28 फरवरी 2014 को इसका शिलान्यास हुआ था। 9557.38 लाख की लागत से 39 खंभों पर करीब 1200.08 मीटर लंबा, 7.5 मीटर चौड़ा और 11.33 मीटर ऊंचाई वाला पुल के निर्माण का जिम्मा सेतु निगम को सौंपा गया। शिलान्यास के 4 वर्ष बाद 2018 में पुल का निर्माण पूरा होना था, लेकिन 8 वर्ष बाद भी पुल बनकर तैयार नहीं हुआ। अभी तक पुल के 36 खंभों में से मात्र 11 का ही निर्माण हो पाया है। सेतु निगम द्वारा शासन को भेजी गई कार्य प्रगति रिपोर्ट के मुताबिक मोहन सेतु निर्माण में अभी तक करीब 70 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो पाया है।

## कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ खान को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ खान को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि एक पुलिस अधिकारी से कथित तौर पर बदसलूकी और मारपीट करने को लेकर खान को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया था। शाहीन बाग पुलिस थाना में खान के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 186(लोकसेवक के सरकारी कामकाज करने में व्यवधान डालना) और 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए आपराधिक बल प्रयोग करना) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### राजन बाबू

## कभी स्कूल का मुंह नहीं देखा पर रॉकेट वैज्ञानिक बने

**नयी दिल्ली।** आपने ऐसे बहुत से लोगों के बारे में सुना होगा जिन्होंने स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी, लेकिन जिंदगी में खूब सफल हुए। ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जिन्होंने नामी स्कूल-कॉलेजों में पढ़ाई की और समाज में अपना एक मुकाम बनाया। आज हम एक ऐसे शख्स के बारे में बात करने वाले हैं, जो कभी स्कूल नहीं गए, लेकिन उन्होंने इसरो में रॉकेट वैज्ञानिक के तौर पर काम किया और अब 59 साल की उम्र में डॉक्टर बनने के ख्वाहिशमंद हैं तथा मेडिकल में दाखिले की प्रवेश परीक्षा पास कर चुके हैं। वर्ष 1963 में पैदा हुए राजन बाबू का जीवन संघर्ष और मजबूत इरादों की मिली-जुली दास्तान है। उनके पिता बीमार रहते थे, लिहाजा बचपन से ही उन्हें घर चलाने के लिए छोटे-मोटे काम करने पड़े। वह पावरलूम में काम करके माता-पिता और बड़ी बहनों की जिम्मेदारी संभालते थे। पढ़ने का शौक था इसलिए मां ने एबीसीडी और दो दूनी चार सिखाया तो यही उनकी प्रारंभिक शिक्षा बन गई। थोड़े बड़े हुए तो वह खुद से अन्य विषयों की पढ़ाई करने लगे और जीवन अपनी रफ्तार से चलता रहा।साल 1981 में जीवन ने करवट ली और बेंगलुरु निवासी राजन बाबू ने अपने एक दोस्त की सलाह पर 10वीं कक्षा की प्राइवेट परीक्षा दी। उनका हौसला उस समय कई गुना बढ़ गया, जब उन्होंने यह परीक्षा अच्छे नंबरों से पास कर ली। उसी के आधार पर उन्हें इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के डिप्लोमा कोर्स में दाखिला मिल गया। हालांकि इस दौरान वह एक कंपनी में काम करते हुए घर की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाते रहे। राजन बाबू ने एक अखबार के साथ मुलाकात में बताया कि कंपनी में काम करने का उन्हें दोहरा फायदा हुआ। आर्थिक लाभ के साथ ही काम करने का तजुर्बा भी हासिल हुआ, जिसकी वजह से उन्होंने 1992 में एसोसिएट मेंबर ऑफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स की परीक्षा पास कर ली।

## तिहाड़ के सेल नंबर 4 में रखा गया आफताब, ऐसी हो रही निगरानी

**नई दिल्ली।** श्रद्धा का हत्यारोपी आफताब अमीन पूनावाला को दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था. शातिर आफताब को तिहाड़ जेल के सेल नंबर - 4 में रखा गया है. इस जेल में वह अकेला ही रहेगा, यानी उसके साथ कोई दूसरा कैदी नहीं रहेगा. उनकी निगरानी के लिए पुलिस की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है.

जेल सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी आफताब को तिहाड़ के जेल नंबर 4 में इसलिए रखा गया है, क्योंकि आमतौर पर पहली बार क्राइम करने वाले कैदियों को इसमें रखा जाता है. साथ ही उसे पुलिस की मौजूदगी में ही खाना खाने के लिए



दिया जाएगा. इस जेल में आफताब 8 सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा. इन कैमरों से 24 घंटे उस पर नजर रखी जाएगी. उसकी सेल के बाहर एक गार्ड 24 घंटे ड्यूटी पर रहेगा. आपको बता दें कि श्रद्धा मर्डर केस के आरोप में 12 नवंबर को आफताब को गिरफ्तार किया गया था. अबतक वह 10 दिनों तक पुलिस कस्टडी में था. इस दौरान आफताब से सख्ती से पूछताछ की गई और उसका पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराया गया. हालांकि, अभी आरोपी का नार्को टेस्ट बाकी है, जिसकी कोर्ट ने पहली ही अनुमति दे दी है. अब उसे न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया गया है.

## कोरोना वायरसः भारत में संक्रमण के 343 नए मामले

> भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 343 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,71,562 हो गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 5,263 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,30,612 हो गई है।

**नयी दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 343 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,71,562 हो गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 5,263 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,30,612 हो गई है। इन चार मरीजों में वे तीन मरीज भी शामिल हैं, जिनका नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनः मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में जोड़ा है। पिछले 24 घंटे में एक मरीज की मौत महाराष्ट्र में हुई।

स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन



मरीजों की संख्या घटकर 5,263 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है, जबकि स्वस्थ होने वाले लोगों की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.80 फीसदी हो गई है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 132 मामलों की कमी दर्ज की गई है। देश में अभी तक कुल 4,41,35,216 लोग संक्रमणमुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 219.90 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

# एनसीसी स्थापना दिवस पर पीजी कॉलेज अम्बाह के कैडेटों ने किया रक्तदान

**केशब पंडित जी पुष्पॉजली ब्यूरो...**

**अम्बाह।** एनसीसी स्थापना के 75वे वर्ष पर 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी- भिंड के तत्वाधान में अंबाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय सब यूनिट- अंबाह के एनसीसी कैडेटों ने आज महाविद्यालय में एनसीसी दिवस को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड के कमान अधिकारी कर्नल जगदीश राव ने समस्त एनसीसी कैडेटों को और एनसीसी अधिकारियों को एनसीसी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि एनसीसी देश का सबसे ऊर्जावान संगठन है जो राष्ट्र निर्माण हेतु युवकों को ऊर्जावान एवं अनुशासित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह कर रहा है। एनसीसी जैसी संस्था देश के विद्यार्थियों में स्नेह, एकता, अनुशासन की भावना उत्पन्न करती है। युवाओं में राष्ट्रीय एकता का विकास करने के लिए एनसीसी पूरे वर्ष समय-समय पर विभिन्न कैंपों का आयोजन करती है जिसमें विद्यार्थी उत्साह के साथ-साथ जागरूकता, आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास, अनुशासन, एकता आदि भावनाओं का विकास कर समाज में अपना योगदान देकर समाज और देश को उन्नत बनाने में अपना सहयोग देते हैं।

आज एनसीसी दिवस पर अंबाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय सब यूनिट अंबाह द्वारा सिविल अस्पताल अंबाह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मेजर वीके जैन, कैप्टन मनोज शर्मा ने रक्तदान किया







तथा इसके पश्चात अनेक छात्र और छात्रा कैडेट्स ने रक्तदान में भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर ने अपने संदेश में कैडेट्स को संबोधित करते हुए रक्तदान से कैंसर एवं दूसरी बीमारियों के होने वाले खतरे को कम हो जाने को बताया क्योंकि शरीर में उपस्थित विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। इस अवसर पर मेजर वीके जैन ने भी रक्तदान से शरीर में एनर्जी तथा आयरन की मात्रा संतुलित होने से मनुष्य का लीवर भी स्वस्थ बना रहता है और कैंसर का खतरा कम हो जाता है, की जानकारी दी। कमान अधिकारी कर्नल जगदीश राव ने भी रक्तदान को आज की आवश्यकता बताते हुए अपने संदेश में कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया रक्तदान 3 व्यक्तियों की जान बचा सकता है और रक्तदाता के शरीर में 24 घंटे पश्चात ही शरीर उस रक्त की पूर्ति कर लेता है ।आज के इस रक्तदान शिविर में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ डी एस यादव का सहयोग और आशीर्वाद एनसीसी सब यूनिट अंबाह के कैडेटों को प्राप्त हुआ। डॉ डी एस यादव ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को जानकारी दी कि रक्त में उपस्थित लाल रक्त कणिकाएं 90 से 120 दिन में स्वयं ही समाप्त हो जाती है अतः हर 3 माह में किसी भी व्यक्ति द्वारा रक्तदान किया जा सकता है और वह व्यक्ति स्वस्थ बना रहता है। रक्तदान शिविर में मुरैना जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक से डॉ अमिता शर्मा, लव सिंह तोमर, रेनू सिंह तथा दीप शर्मा व्यवस्था हेतु उपस्थित रहे। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भिंड से भोपाल 550 किलोमीटर की साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय का 1 कैडेट सत्येंद्र तोमर भी भिंड से भोपाल की यात्रा करते हुए आज 27 नवंबर 2022 को होने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग ले रहा है जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान तथा एडीजी एनसीसी कैडेटों के उत्साहवर्धन करने हेतु इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। आज के रक्तदान कार्यक्रम में कैडेटों के उत्साहवर्धन हेतु महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ कमल भारद्वाज उपस्थित रहे । स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी से हवलदार गिरदावल सिंह भदौरिया उपस्थित रहे।



## क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था आज हुआ समापन ग्राम राजौर महुआखेड़ा में

**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**पिछोर, खोंड।** ग्राम राजौर महुआखेड़ा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है व श्रीमद् भागवत कथा का आज समापन हुआ जिसमें भक्त गणओ में उत्साह था लेकिन श्रीमद् भागवत कथा का समापन आज हुआ जिसमें समस्त ग्रामीण लोगों ने भागवत कथा साहित्य को सुनकर आनंदित हुए श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र कथा का भक्तजनों को लीला दिखाइए आचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री के मुखारविंद से यह कथा सुनाई जा रही थी इसमें संयोजक अरुण परिहार एवं राजेश भाई जी द्वारा सभी क्षेत्रवासियों को अपने हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कल 28/11/022 को भंडार प्रसाद वितरित करने के लिए समस्त ग्रामीण लोगों का प्रसाद ग्रहण करने के लिए प्रार्थना की है।

## कैलारस- ब्लॉक स्तरीय सीएम कप का हुआ आयोजन

**कैलारस।** मुख्यमंत्री कप 2022 23 के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का कैलारस में अशासकीय लिटिल वैली स्कूल



में आयोजन हुआ खेल युवा कल्याण विभाग की ब्लॉक समन्वय सोनम बंसल ने बताया कि मुख्यमंत्री कप में (एथलेटिक्स,कबड्डी खो-खो, फुटबॉल वालीबॉल,कुश्ती,दौड़) खेलों का आयोजन हुआ सभी खेलो में 22 टीमो ने भाग लिया बही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीइओ जयवीर सिंह जादौन, एव नगर परिषद कैलारस की अध्यक्ष अंजना बृजेश बंसल रही सबसे पहले मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर खेलों की शुरुआत की गई वहीं उन्होंने सभी टीमों से परिचय करते हुए शुभकामनाएं दी बही बालक बालिकाओं सम्बोधित करते हुए बीइओ जयवीर सिंह जादौन ने कहा कि हमारे जीवन मे खेलो का बहुत है खेलो से हमारा शरीर स्वाथ्य रहता हैं बही नगर परिषद कैलारस अंजना ब्रजेश बंशल ने कहा कि मुख्यमंत्री कप की होने बाली प्रतियोगिता भाग लेने बाले सभी बालक बालिकाओं की जिस खेल में रुचि हैं उसमें भाग लेकर अपने गांव, तहसील,जिले प्रदेश ओर अपने माता पिता का नाम रोशन करे ब्लॉक स्तर पर चयन होने पर चयनित बालक बालिकाओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा बही उपस्थित दोनो अतिथियों ने टीमों के साथ टॉस करा कर कार्यक्रम को शुरू कराया बही कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका बर्ग में शक्कर कारखाना एव बालक वर्ग में लिटिल वेली स्कूल की टीम विजय रही बही खो खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में मामचोन स्कूल एव बालिका वर्ग में शक्कर कारखाना की टीम विजय रही बॉलीबाल प्रतियोगिता में लिटिल वेली स्कूल एव फुटबॉल में एल एल वी स्कूल की टीम विजय रही दौड़ प्रतियोगिता में राघवेंद्र सिकरवार एव मोनिका धाकड़ विजय रहे। बही कार्यक्रम में खेल एव युवा कल्याण विभाग सोनल बंसल, राजेन्द्र शुक्ला, एन आई एस मुरैना नरेंद्र सिंह तोमर, श्याम सिह तोमर अम्बाह, उपदेश तोमर पोरसा, सोनम तोमर पहाड़गढ़ सहित अन्य स्टाप मौजूद रहा।

## मप्र कोटवार संघ भोपाल के निर्देश पर कोलारस के कोटवा रो ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**कोलारस।** मध्य प्रदेश के सभी भूमिहीन तथा सेवा भूमि धारी कोटवारों को नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित करने की मांग को लेकर बीपी दिनांक 16 नवंबर 2022 से प्रदेश स्तरीय क्रमबद्ध आंदोलन फिर भी मांग ना माने जाने की स्थिति में प्रदेश के सभी 38,000 कोटवारों द्वारा भोपाल में 1 दिसंबर 20-22 से नीलम पार्क में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन तथा आमरण अनशन भूख हड़ताल की जा रही है इसी क्रम में मध्य प्रदेश कोटवार संघ भोपाल के आदेश अनुसार कोलारस कोटवार संघ द्वारा मध्य प्रदेश कोटवार संघ तहसील अध्यक्ष राकेश परिहार द्वारा सभी कोटवारों के साथ एक ज्ञापन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री राजस्व मंत्री महोदय के नाम ज्ञापन कोलारस तहसील में नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन में बताया कि मध्य प्रदेश कोटवार संघ पिछले कई वर्षों से अपनी मांगोंको लेकर ज्ञापन धरना प्रदर्शन आदि के माध्यम से शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करा कर आ रहा है इसी क्रम में बीती 1 मार्च 20-22 को प्रदेश के लगभग 10,000 कोटवारों की मौजूदगी में नीलम पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे प्रदेश के सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदोरिया द्वारा सुभाषित किया गया था कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अति संवेदनशील है मैं उनसे मिलकर आपकी मांगों का निराकरण करवा लूंगा और कम से कम पर देश के सभी कोटवारों को कलेक्टर रेट पर वेतन बढ़ोतरी की मांग रखूंगा परंतु अभी तक हमारी मांगे पूरी नहीं हुई है और आगामी 1 दिसंबर 20-22 से प्रदेश के सभी 38000 कोटवारों द्वारा नीलम पार्क भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन सुकरताल आमरण अनशन किया जाएगा और 2 जून की रोटी की मांग को लेकर नीलम पार्क भोपाल में कोटवार अधिकार यात्रा मुख्यमंत्री निवास तक निकाली जाएगी इसकी जिम्मेदारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ज्ञापन सौंपने वालों में मध्य प्रदेश कोटवार संघ कोलारस तहसील अध्यक्ष राकेश परिहार तहसील उपाध्यक्ष कल्याण कोटवार कल्लू परिहार नीरज भार्गव करण सिंह परिहार राहुल योगी सोनू दल्लू राम सिंह बसंता परिहार घुमन आदि कोटवारों ने ज्ञापन सौंपा।







## सीरवी समाज दूदौड़ ने मनाया सातवां वार्षिक स्नेह मिलन

**पुष्पाजंली टुडे/ नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलुरू।** सीरवी समाज दूदौड़ कर्नाटक का सातवा वार्षिक सातवा स्नेह मिलन रविवार को टुमकुर रोड़ स्थित होलिडे रिसोर्ट में मनाया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ आईमाताजी की तस्वीर के समक्ष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। उसके बाद आम सभा का आयोजन हुआ जिसमें संस्था के अध्यक्ष भंवरलाल मुलेवा ने सभी को शुभकामनाएं दी युवाओं को खेलकूद एंव शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।उपाध्यक्ष तेजाराम सेपटा ,सचिव रामलाल परिहार सह-सचिव सुरेश परिहारिया कोषाध्यक्ष चन्दुलाल चोयल सुचना मंत्री लक्ष्मण परिहारिया कमेटी मेंम्बर भवरलाल चोयल, पोकरराम देवड़ा मांगीलाल परिहार बलेपेट सह सचिव दलाराम देवडा खेलमंत्री डुगाराम परिहार सलाहकार लोकेश परिहारिया, अन्नाराम परिहारिया, सुकतंकट्टे वडेर के पूर्व सचिव व आज के सभापति घीसुलाल चोयल का स्वागत किया गया ।मंच सचालन सुरेश परिहारिया ने किया । इस अवसर पर सुकतकट्टे वडेर के सदस्य सत्यनारायण मुलेवा व चन्दुलाल चोयल मुंबई कलंम्बोली वडेर से चिमनाराम चोयल,मदगेरि मोहनलाल देवड़ा,मोहन सीरवी का ट्रस्ट की ओर से माला साफा मोमेंटो द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर समाज बन्धुओं ने प्रसादी ग्रहण किया ।इस अवसर पर कबड्डी फूटबाल खेल का आयोजन किया गया ।महिलाओं ने राजस्थानी संगीत पर नृत्या किया ।

## भाजयुमो के संगठनात्मक कार्यक्रमों को पंचायत स्तर पर युवा कार्यकर्ता पहुंचाने में अपनी अहम् जिम्मेदारी निभाएंः प्रियांशु राणे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं संभागीय प्रभारी प्रियांशु राणे ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजपा की रीड की हड्डी है संगठनात्मक कार्यक्रमों से मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव के मोड़ पर युवाओं की ताकत को मजबूती प्रदान करना है, यह लक्ष्य तब पूरा

### भाजयुमो के आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न

होगा जब युवा मोर्चा का कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत के साथ पंचायत स्तर के प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रमों को संपन्न कराकर युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे । यह उद्गार उन्होंने भाजयुमो द्वारा आयोजित जिला स्तरीय बैठक को विद्यावती विद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि के बोलते हुए व्यक्त किए । कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सिंह कुशवाह ने की। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में हमारा हरा-भरा मध्यप्रदेश अभियान संपन्न हुआ है और अब




मोर्चा ने अपने दो नए कार्यक्रमों की घोषणा की है जिसमें खेलेगा मध्य प्रदेश और दूसरा खिलते कमल इन कार्यक्रमों को पंचायत स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक कैसे सफल बनाया जाए इसको लेकर रूपरेखा तथा कार्य का विभाजन किया जाकर युवा कार्यकर्ताओं को इसकी जिम्मेदारी दी जाए । उन्होंने कहा कि जिसकी संपूर्ण जानकारी पत्रक में दी गई है हम उसी लाइन पर कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए योजना के साथ संपन्न कराएंगे यही युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होगी। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाहा एडवोकेट ने कहा कि भिंड जिले के सभी 26 मंडलों के पंचायत स्तर तक आगामी कार्यक्रमों को संपन्न कराने में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अपनी अहम भूमिका निभाएंगे इसके लिए मंडल स्तर पर तैयारियों के लिए बैठक आयोजित की जाएंगी उसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार होगी। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और जिला प्रभारी कुलदीप यादव जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया, धीरज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अमित चौधरी, शिवांकर भदौरिया, आशीष समाधिया, रामअख्तियार गुर्जर, जिलामंत्री अंकित शर्मा, राजीव मिश्रा, मोनू बघेल, विधानसभा प्रभारी अमन बैसान्दर, गोपाल राजावत, सचिन पचौरी के साथ-साथ सभी मंडल अध्यक्ष और मंडल महामंत्री उपस्थित रहे ।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग बूथ केंद्रों पर सुनी पीएम मोदी की मन बात

**भिण्ड ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया कि भिंड जिले के संपूर्ण बूथ लेवल पर सभी मोर्चा के सभी अध्यक्षों ने आदरणीय प्रधानमंत्री जी के प्रोग्राम मन की बात के तहत मन की बात सुनी । इसी तरह गोरमी मण्डल मे भी भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को 64 अलग-अलग बूथ केंद्रों पर देखा और सुना इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग के विकास एवं समा समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में समाज सेवा के लिए जो लोग कार्य कर रहे हैं एवं सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए जो भी मैंने योजनाएं चल रही हैं एवं विश्व पटल पर आज जो समस्याएं हैं उनके बारे में विस्तार से बताया गोरमी नगर के वार्ड नंबर 11 के पार्षद विनोद यादव के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को देखा इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक मंडल मंत्री शिवराज यादव



युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन बरुआ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रताप नरवरिया किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री मोनू शर्मा और रणवीर परमार रिंकू यादव रिंकू दिक्षित राहुल यादव जीतू शिवहरे एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीवर ओवरफ्लो और गंदे पानी से ग्रसित अनुसूचित जाति वार्ड 10 में लगी गांधी चौपाल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी और गांधी चौपाल कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र गुप्ता के निर्देशानुसार भिंड नगर पालिका के वार्ड 10 में गांधी चौपाल का आयोजन किया गया भिंड विधानसभा में 100 के करीब गांधी चौपाल लगाने का लक्ष्य रखा गया है गांधी चौपाल के शुभारंभ में तथागत भगवान बुद्ध राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी संविधान निर्मात्री सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम का आयोजन वार्ड नं 10 के पार्षद रामहेत शाक्य के द्वारा किया गया वार्ड में सीवर लाइन ओवरफ्लो और नलों में आता है गंदा पानी जैसी प्रमुख समस्याएं हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए शहर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा कि आज देश में पत्रकार अपने आप को डरा हुआ महसूस कर रहा है आपको सच्चाई भी नहीं बता सकता है कि देश में क्या चल रहा है क्योंकि बड़े-बड़े इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के समूह पर उद्योगपतियों का कब्जा है और यह उद्योगपति अपने फायदे के लिए सरकार विरोधी खबरें नहीं छापने देते हैं अगर कोई पत्रकार आम जनता तक सही खबर पहुंचाने की कोशिश करता है तो उसके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है देश का



दुर्भाग्य है न्यायपालिका भी इस समय भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार से अछूती नहीं है न्यायपालिका में नियुक्तियों के समय सरकार द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है बीजेपी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाई गई इससे आमजन को कोई लाभ नहीं हुआ बल्कि आज भी कश्मीरी पंडित बड़ी तादाद में मारे जा रहे हैं उनकी सुरक्षा करने में सरकार फेल हो गई है भाजपा सरकार के ज्यादातर मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त है,

कार्यक्रम में बोलते हुए नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा भाजपा के 15 वर्ष के शासन में भिंड शहर नरक बन गया है जगह जगह सीवर लाइन के नाम पर सड़कें खुदी पड़ी है सीवर लाइन सही ढंग से शुरू ही नहीं हो पाई और जगह-जगह सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल रहा है सीवर लाइन से खुदी पड़ी सड़कों आज तक ठीक नहीं किया गया साथ ही पानी की लाइन भी डालना शुरू कर दी गई इससे आमजन का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है भिंड नगर पालिका भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है राशन कार्ड वृद्धावस्था पेंशन मजदूरी कार्ड पर वसूली की जा रही है हाल ही में जारी की गई आवास की सूची में नगर पालिका के कर्मचारियों तक के नाम है इससे स्पष्ट होता है आवास बांटने में भी नगरपालिका में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ राधेश्याम शर्मा ,संतोष त्रिपाठी, रेखा भदौरिया, सौम्या शर्मा ,पान सिंह, सुमन बाबूजी, रामजी लाल शाक्य, दुष्यंत सिंघई, राहुल कुशवाह प्रदीप भदौरिया, शिवचरण वीथरिया, सुदामा लाल शाक्य, उमेश कुमार राकेश शाक्य, पूरनलाल, राजू शाक्य रघुवीर शाक्य, रोशन लाल शाक्य ,गजेंद्र कुमार दिलीप शाक्य ,बलवीर शाक्य, हरीश शाक्य प्रमोद कुमार गया रामशाक्य आदि लोग उपस्थित थे।



# भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल (ब्यूरो)।** भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से भोपाल में मुलाकात कर भिंड जिले के संगठनात्मक एवं विकास कार्यो का ध्यान आकर्षित कराया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुख्यमंत्री निवास, भोपाल में भेंट करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया ने इस अवसर पर जिले की गतिविधियों के बारे में चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भिंड जिला अस्पताल पर हो रही मरीजों को कठिनाइयों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराकर विशेषज्ञ एवं योग डॉक्टरों को जिला अस्पताल में पदस्थ करने की की मांग रखी ताकि मरीजों को इलाज कराने में कोई कठिनाइयां ना हों और भिंड में डॉक्टरों की कमी को दूर किया जाएगा। साथ ही उन्होंने जिला महिला बाल विकास की विकास योजनाओं पर भी अवगत कराया। उन्होंने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा का जिले की संगठनात्मक विश्व पर भी ध्यान आकर्षित कराया कहा कि जिले के 1480 पोलिंग बूथों पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया जाएगा और उन्होंने जिला गठन को लेकर भी विस्तार से चर्चा की।

# तेज रफ्तार वाहन चालक ने विद्युत खंभे में मारी थी टक्कर हुई चालक की मृत्यु

**दैनिक पुष्पांजली टुडे/रहीश भैया**

घाटीगांव तहसील के भंवरपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत वसोटा रोड पर तेज रफ्तार वाहन चालक ने लापरवाही से चलाते



हुए विद्युत खंभे में टक्कर मार दी इस घटना में वाहन चालक की दर्दनाक मौत हुई थी पुलिस ने उस वक्त मर्ग कायम कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, क्या है पूरा मामला पुलिस के अनुसार एएसआई गोपाल सिंह तोमर ने पूरे मामले की जांच करने के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है जांच में पता चला है कि ब्रजमोहन पुत्र पुरन आदिवासी उम्र 30 वर्ष निवासी बसोटा द्वारा जिस वाहन को चलाया जा रहा था वह काफी तेज रफ्तार में था तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बृजमोहन ने सड़क के किनारे खड़े विद्युत खंभे में टक्कर मारी थी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी घटना की जानकारी मिलते ही अमरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने मौका पंचनामा तैयार कर वाडी का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया था और पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 174 पर मर्ग कायम कर जांच पड़ताल शुरू की थी जांच पड़ताल पूरी होने के बाद आई मामला दर्ज हुआ है .

### इनका कहना है

घटना 30 अगस्त दोपहर की है तेज रफ्तार लापरवाही से चलाते हुए अपने बहन से विद्युत खंभे में टक्कर मारी थी जिसमें वाहन चालक की मौके पर मृत्यु हो गई थी पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल करने के बाद आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है

**बलवीर सिंह मावई थाना प्रभारी भंवरपुरा**

# हाई स्कूल में नहीं डाला गया ग्रेवल रोड, निकाली राशि

## जनपद सीईओ पहुंची निरीक्षण के लिए, ग्रामीणों ने लगाए रोजगार सहायक के पति पर पैसे लेने के आरोप

**पुष्पांजलि टुडे**
**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाहा**

**सिरोंज।** बीते दिनों पहला रोजगार सहायक पति और पूर्व सरपंच का पंचायत भवन में बैठकर शराब पीने का वीडियो वायरल हुआ था तभी से पूरे जनपद में ग्राम पंचायत दीपनाखेड़ा चर्चा का विषय बना हुआ है इसी बीच जनपद सीईओ श्रीमती वंदना शर्मा जब ग्राम पंचायत दीपना खेड़ा पहुंची तो ग्रामीणों का हुजूम लग गया और लोगों ने जमकर रोजगार सहायक पति पर पैसे लेने का आरोप लगाए , उसी समय का एक वाकया जिसमें एक महिला रोजगार सहायक पति जितेंद्र रघुवंशी पर 10 हजार रुपए लेने का आरोप लगा रही थी तभी रोजगार सहायक के पति जितेंद्र रघुवंशी अपनी बेटी की कसम खाकर अपना बचाव करते हुऐ नजर आए।

रोजगार सहायक खड़ी रही पति देते रहे जवाब जब जनपद सीईओ ग्राम पंचायत दीपनाखड़ा में निरीक्षण करने पहुंची तब ग्राम की रोजगार सहायक श्रीमती रेखा रघुवंशी पूरे घटनाक्रम के दौरान शांत नजर आई जबकि उनके पति जितेंद्र रघुवंशी प्रत्येक सवाल का जवाब देते हुए नजर आए यहां तक की ग्रामीणों के द्वारा जो भी शिकायत सीईओ मैडम से की जा रही थी उनके जवाब भी जितेंद्र रघुवंशी के द्वारा दिए जा रहे थे यह घटनाक्रम स्पष्ट तौर पर बताता है कि यहां पर रोजगार सहायक नहीं बल्कि उनके पति ही पंचायत मैं काम देखते हैं, हालांकि निरीक्षण के बाद क्या कार्रवाई होगी



यह अभी स्पष्ट नहीं है

**मनरेगा में भी जमकर भ्रष्टाचार , गड्ढों को बनाया तालाब , हाई स्कूल में नहीं डाला गया ग्रेवल रोड-**भ्रष्टाचार की भी हद होती है जहां ग्राम पंचायत दीपनाखड़ा के हाई स्कूल में ग्रेवल रोड डाला ही नहीं गया उसके नाम पर, 14000 निकाल लिए गए जब इस विषय को लेकर हाई स्कूल के प्रभारी रघुवीर सिंह रघुवंशी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यहां पर कोई ग्रेवल रोड नहीं डाला गया है इसका सीसी कारण उस समय का है जब विद्यालय का निर्माण हुआ था वही दूसरा मामला तालाब का प्रकाश में है जिसकी राशि तो निकाली गई लेकिन तालाब का निर्माण नहीं हुआ जब जनपद सीईओ निरीक्षण के लिए पहुंची तो वहां लोगों ने बताया कि कुछ समय पहले ग्राम सनोटी के लिए यहां से कुछ सामान निकाला गया था यहां तालाब जैसा कुछ भी नहीं बनाया गया जबकि तालाब के नाम पर लंबी राशि निकाली गई है।

**जनपद में बढ़ता भ्रष्टाचार आखिर कौन जिम्मेदार-** जनपद पंचायत में मनरेगा का मामला हो चाहे तालाब के मामले हो ऐसे अनेकों भ्रष्टाचार के मामले लगातार सामने आ रहे हैं लेकिन कोई भी ठोस कार्यवाही ना होना अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है जिसमें एक मामला ग्राम पंचायत तरवरिया की बमोरी हौज का आया था जिसमें पौध रक्षक चैन सिंह सेन का अभी तक भुगतान नहीं हो पाया वही दूसरा मामला ग्राम पंचायत अनूपपुर का आया था जहां तालाब बनाने के नाम पर औपचारिकता की गई है इसी प्रकार के अनेकों मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं।

**लगभग 2 घंटे तक रुका जांच दल-** दीपनाखेड़ा पहुंचे जांच दल लगभग 2 घंटे तक गांव में रुक कर ही स्थितियों का जायजा लिया एवं ग्रामीणों से बातचीत की इस दौरान जनपद सीईओ वंदना शर्मा एपीओ प्रमिला साहू विनोद श्रीवास्तव के द्वारा निरीक्षण किया जाता रहा।

# भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में जिला आईटी सेल प्रभारी बने रीतेश जादौन

**पुष्पेंद्र सिंह तोमर**



**सबलगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के निर्देशानुसार एवं एडवोकेट अनूप सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा के आशीर्वाद एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह धाकड़ कार्यकरणी का विस्तार करते हुए कर्मठ कार्यकर्ता रीतेश जादौन के कार्यो को देखते हुए उन्हें भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में आईटी सेल प्रभारी नियुक्त किया है, जादौन पूर्व में बुनकर प्रकोष्ठ के जिला कार्यसमिति के सदस्य पद पर रहकर भारतीय जनता पार्टी में मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं की जानकारी मण्डल के सभी गांवों में उन्होंने घर-घर जाकर कार्य किया तथा अनेकों पोलिंग से जादौन ने भाजपा को विजय दिलाई थी पार्टी में उनके कार्यों से रूबरू होकर जिला अध्यक्ष ने यह नियुक्ति दी है। रीतेश जादौन ने इस नियुक्ति पर संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व का एवं शहर नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल सबलगढ़ के पदाधिकारियों एवं सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि सभी के सहयोग से मैं अपनी भाजपा पार्टी के कार्यो को संपादित करूंगा मैं वरिष्ठ नेतृत्व को विश्वास दिलाता हूं। जादौन को बधाई देने बालों में अजब सिंह सिकरवार, भवानी सिंह, सरला रावत, त्रिलोक चौधरी, जनपद अध्यक्ष सुनीता रावत, दर्शन सोनी, रजनी बबुआ जादौन, महेंद्र प्रताप जादौन, देवी चरण श्रीवास, प्रमोद जादौन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, पातीराम पटवा, केपी जादौन, आनंद सिंह सिकरवार, सेवाराम धाकड़, आदि वरिष्ठ लोगों द्वारा।

# झलकारी बाई जयंती के उपलक्ष्य में निकाली रैली

**भिण्ड।** मालनपुर में झलकारी बाई की जयंती के उपलक्ष्य में झलकारी बाई की रैली निकाली गई जोकि कोली समाज द्वारा निकाली गई जिसमें संपूर्ण कोली समाज मालनपुर क्षेत्र से एकत्रित हुआ और रैली मालनपुर सब्जी मंडी होते हुए मालनपुर चौराहा मालनपुर गांव द्वारा निकाली गई जिसमें हमारे जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया और मालनपुर अध्यक्ष पति मुकेश कुमार बाढ़ 14 पार्षदों की जैन कमल सिंह विष्णु गौड़ धर्मेंद्र गुर्जर सभी लोगों ने देवेंद्र गौड़ जी और सभी लोगों ने जाकर रैली में भाग लिया और सभी कोली समाज वर्ग के लोगों से मुलाकात की।

# पचनद पर फहराया 151 फीट लंबा तिरंगा चंबल के क्रांतिकारियों को दी गई सलामी

भिण्ड। आजादी आंदोलन में क्रांतिकारियों और बुद्धिजीवियों की सरजमीन रही पंचनद घाटी में चंबल परिवार ने ऐतिहासिक आयोजन कर अपने लड़ाका पुरखों का स्मरण किया। सिंध, पहुंज, क्वारी, चंबल और यमुना के पवित्र और अनोखे संगम पर %पंचनद दीप महापर्व' के तीसरे संस्करण का यादगार आयोजन किया गया। चंबल घाटी के क्रांतियोद्धाओं को 151 फिट राष्ट्रीय झंडा तिरंगे से सलामी दी गई, जिसमें इटावा, जालौन, औरैया, भिन्ड, बाह, ग्वालियर के निवासी बड़े पैमाने पर श्रद्धा सुमन देने पहुंचे। पंचनद दीप महापर्व में अतिथि के तौर पर चंबल घाटी के सरदार भगत सिंह के नाम से सुविख्यात शहीद डॉ. महेश सिंह चौहान के अनुज इतिहासकार देवेन्द्र सिंह चौहान, सामाजिक विचारक और पूर्व आईपीएस अधिकारी चेतराम सिंह भदौरिया, क्रांतिकारी लेखक डॉ. शाह आलम राना, रिटायर्ड डीएसपी हाकिम सिंह यादव रहे। संचालन चंबल पर्यटन नोडल अधिकारी डॉ. कमल कुमार कुशवाहा ने किया।

स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों की शरण स्थली रही महाकालेश्वर धाम से 151 फिट तिरंगे के साथ क्रांतिवीरों को सलामी देने बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों का हुजूम उमड़ पड़ा। गगनभेदी नारों के साथ यात्रा आगे बढ़ी। पंचनदा पुल पर भिटौरा-कंजौसा ग्राम प्रधान रेखा देवी ने पुष्प वर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया। मार्च का नेतृत्व चंबल परिवार समन्वयक वीरेन्द्र सिंह सेंगर ने किया। पदयात्रा आगे चली तो बाबा साहेब मंदिर के पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। पंचनद संगम तट के नजदीक विशाल जलराशि तक पहुंचकर कारंवा जनसभा में तब्दील हो गया।

पंचनद दीप पर्व को संबोधित करते हुए इतिहासकार देवेन्द्र सिंह चौहान ने चंबल अंचल के क्रांतियोद्धा सूबेदार मेजर अमानत अली, राजा निरंजन सिंह चौहान, जंगली व मंगली मेहतर, मारून सिंह लोधी,

### पचनद महापर्व मनाया गया, महासंगम किनारे जलाए गए दीप,151 फीट तिरंगे से चंबल अंचल के रणबांकुरों को दी गई सलामी

मंशाराम गुर्जर, रूपचंद पांडेय, तेजाबाई, चुन्नी यादव, बंकट सिंह कुशवाह, राम प्रसाद चौधरी, गेंदालाल दीक्षित, दादा शंभूनाथ आजाद, अर्जुन सिंह भदौरिया आदि जननायकों का जिक्र करते हुए कहा कि अंग्रेजी दासता से मुक्ति की लड़ाई साझा कुर्बानी का संघर्ष रहा है। चंबल परिवार प्रमुख क्रांतिकारी लेखक डॉ. शाह आलम राना ने पंचनदा तहजीब की वकालत करते हुए कहा कि इटावा, औरैया, जालौन और भिंड जनपद मुख्यालयों से समान दूरी पर पंचनदा है। यहां चंबल, यमुना, क्वारी, सिंध और पहुज नदियों का भोगौलिक मिलन के साथ कई संस्कृतियों के महासंगम का गौरवशाली इतिहास की रवायत रही है। डॉ. शाह आलम राना ने जोर देते हुए कहा कि सत्तावनी क्रांति के मस्तिष्क अजीमुल्ला खां ने %हम हैं इसके मालिक, हिन्दुस्तान हमारा' राष्ट्रगीत लिखा था। जिसे पढ़ते हुए लाखों आजादी के मतवालों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यही आजाद भारत में हमारे राष्ट्रीय ग्रंथ भारतीय संविधान की आत्मा बनी। इस दौरान देवेन्द्र सिंह चौहान ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक स्वरपाठ कराते हुए कहा कि पवित्र ग्रंथ भारतीय संविधान की हिफाजत करना हम सभी का फर्ज है। चंबल अंचल के प्रसिद्ध लोकगायक सद्दीक अली ने %जो देश पर शहीद हुए थे, सच्चे थे वे हिन्दुस्तानी' जैसी अपनी कई प्रस्तुतियां देकर मौजूद लोगों की आखें नम कर दी। पंचनद दीप पर्व में आए हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापन चंबल परिवार संयोजक चन्द्रोदय सिंह चौहान ने किया। इसके बाद साझे तौर पर सभी ने आजादी के महानायकों की याद में दीपों से पंचनद तट को रोशन किया। इस अवसर पर मेजर मनोज कुमार सिंह, पंडित राम लखन, अवधेश सिंह चौहान, राम सुन्दर यादव, कुलदीप सिंह परिहार, विनोद सिंह गौतम, प्रमोद सिंह सेंगर, हरीराम, राम औतार तिवारी, राम सजीवन, चंद्रवीर सिंह चौहान, अनिल पाल, अभिलाख, अनीश खान, सोनपाल, धर्मेन्द्र सिकरवार, आबिद अली, सुदीप बाथम, प्रमोद वन, बृजेन्द्र सिंह, विजय बहादुर शंखवार, आदिल खान, सुखराम टेलर आदि का उल्लेखनीय सहयोग रहा।




# रोटरी क्लब एटा ने ट्रैफिक कर्मियों को रेडियम जैकेट व सेफ्टी लाइट बांटकर मनाया यातायात महा

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा।** रोटरी क्लब एटा द्वारा यातायात माह के अन्तर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन कमलेश ऑटो व्हील्स अरुणा-नगर जी.टी. रोड़ एटा पर सम्पन्न हुआ जिसमे सभी ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को रेडियम जैकिट व ट्रैफिक सेपटी लाइट दी गई एवम् ट्रैफिक पुलिस को उनके कार्य के लिये मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार ातायात संगम मिश्रा, टी आई बचान सिंह सभी को सम्मानित किया गया,इस कार्यक्रम के संयोजक साजन देव वार्ष्णेय ( रोटरी क्लब मीडिया प्रभारी )रहे। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लव अध्यक्ष श्री नीरज गुप्ता सचिव श्री सौरभ कुमार, कोषाध्यक्ष श्री सचिन गुप्ता व वरुण बार्ष्णेय, प्रसून वार्ष्णेय, अनन्त गुप्ता, सनी जैन, अमर कौशिल्यान, मोहित गुप्ता स्वम अलीगढ़ से आये रोटरी वलव के पदाधिकारी श्री नितिन वार्ष्णेय व श्रीमती शिल्पी वार्ष्णेय शामिल हुए।

# विहिप के प्रांत सह समरसता प्रमुख ने गरीब कन्या की शिक्षा शुल्क के लिए 1111 रुपये दान में दिए

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा।** समरसता,समानता, सद्भाव, एकता के कार्यालय शांति नगर पर बृजप्रांत सह समरसता प्रमुख पंडित रामऔतार मिश्रा ने एक गरीब कन्या को उसकी शिक्षा शुल्क देखकर उससे आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्या का नाम कु0 उर्मिला कश्यप पुत्री कमला देवी कक्षा 10 की जीजीआईसी स्कूल की छात्रा है जिसको 1111 रुपए शिक्षा शुल्क के रूप में दान में देकर उसकी पड़ाई के लिए मदद की, और उसकी आगे की शिक्षा-दीक्षा हेतु अपनी अंतिम समय तक के लिए गोद लेकर उससे आशीर्वाद प्राप्त किया।इस बेटी की मां घरों में काम करके अपने बच्चों को पड़ा रही है।यह यह भी बता दें कि वह 80 वर्षीय होने के बाद भी लगातार 2 वर्षो से बीमार चल रहे थे, जिन्होंने अब स्वस्थ्य होने के उपरांत आज कार्यालय में बैठे, और गरीब कन्या की मदद की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कन्यादान और कन्याओं की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है और हमें यह मौका मिला है। समय-समय पर जो भी मदद हो सकती है हम गरीबो के हित में करते रहते हैं। वास्तविकता तो यह है जब हम गरीबों का ध्यान रखेंगे और उनकी मदद करेंगे वही असली समरसता होगी। देश में समरसता का माहौल बनाए रखने के लिए मन से ऊंच-नीच की भावना को त्यागना ही होगा, विहिप लगातार इस और सामाजिक समरसता के माध्यम से जन सहयोग करती रहती है। लेकिन असली सामाजिक समरसता तभी होती है। जब हम किसी गरीब असहाय और किसी जरूरतमंद की जरूरतें पूरी करते हैं वही असली सामाजिक समरसता है।उन्होंने अपनी मिलने बाली पेंशन से यह पुनीत कार्य किया है।



# ईरान में हिजाब पर जनआक्रोश

ईरान में हिजाब के मामले ने जबर्दस्त तूल पकड़ लिया है। पिछले दो माह में 400 लोग मारे गए हैं, जिनमें 58 बच्चे भी हैं। ईरान के गांव-गांव और शहर-शहर में आजकल वैसे ही हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, जैसे कि अब से लगभग 50 साल पहले शंहशाहे-ईरान के खिलाफ होते थे। इसके कारण तो कई हैं लेकिन यह मामला इसलिए भड़क उठा है कि 16 सितंबर को एक मासा अमीनी नामक युवती की जेल में मौत हो गई। उसे कुछ दिन पहले गिरफ्तार कर लिया गया था और जेल में उसकी बुरी तरह से पिटाई हुई थी। उसका दोष सिर्फ इतना था कि उसने हिजाब नहीं पहन रखा था। हिजाब नहीं पहनने के कारण पहले भी कई ईरानी स्त्रियों को बेइज्जती और सजा भुगतनी पड़ी है। कई युवतियों ने तो टीवी चैनलों पर माफी मांग कर अपनी जान बचाई है। यह जन-आक्रोश तीव्रतर रूप धारण करता जा रहा है। अब लोग न तो आयतुल्लाहों के फरमानों को मान रहे हैं और न ही राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के धमकियों की परवाह कर रहे हैं। ईरानी फौज के प्रमुख मेजर जनरल हुसैन सलामी ने पिछले दिनों एक बयान में कहा है कि यह जन-आक्रोश स्वाभाविक नहीं है। ईरान की जनता पक्की इस्लामी है। वह हिजाब को बेहद जरुरी मानती है लेकिन अमेरिका, सउदी अरब, यू.ए.ई. और इस्राइल जैसे ईरान-विरोधी देशों ने ईरानी जनता को भड़का दिया है। लेकिन असलियत तो यह है कि ईरान में इस्लामी राज्य शुद्ध डंडे के जोर पर चल रहा है। 80 प्रतिशत से भी ज्यादा जनता वहाँ हिजाब के विरुद्ध है। पिछले 50-55 साल में मुझे ईरान में कई बार रहकर पढ़ने और पढ़ाने का मौका मिला है। शहंशाह के ज़माने में ईरान की महिलाएं अपनी वेशभूषा और व्यवहार में यूरोपीय महिलाओं से भी अधिक आधुनिक लगती थीं लेकिन ईरान के दर्जनों गांवों में मैं तब भी हिजाब, नकाब और बुर्काधारी महिलाओं को जरुर देखता था। जब से आयतुल्लाह खुमैनी का शासन (1979) ईरान में आया है, ईरानी महिलाओं का दम घुट रहा है। पहले भी दो बार इस तथाकथित इस्लामी शासन के खिलाफ बगावत का माहौल बना था लेकिन अमीनी का यह मामला इतना तूल पकड़ लेगा, इसका किसी को अंदाज भी नहीं था। कल-परसों तो फुटबाल के विश्व कप टुर्नामेंट में ईरान की टीम ने अपने राष्ट्रगीत को गाने से भी मना कर दिया था। ईरानी लोग अपनी इस टीम को राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक मानते हैं। हिजाब के विरोध ने आर्थिक कठिनाइयों में फंसे ईरान के कोढ़ में खाज का काम किया है। इस्लामपरस्त लोग भी खुले-आम कह रहे हैं कि कुरान शरीफ में कहीं भी हिजाब को औरतों के लिए अनिवार्य नहीं बताया गया है। भारत में चाहे हिजाब के लिए हमारी कुछ मुस्लिम बहनें काफी शोर मचा रही हैं लेकिन यूरोप के कई देशों ने तो उस पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# दूध देवताओं को प्रिय है, विटामिन डी का दुर्लभ स्रोत



दूध पौष्टिकता का प्रतीक है। दूध देवताओं को प्रिय है। दूध अमृत है। दूध शाकाहारियों के लिए प्राथमिक प्रोटीन का स्रोत है। दूध विटामिन डी का एक दुर्लभ खाद्य स्रोत भी है। पुराणों में दूध की तुलना अमृत से की गई हैं जो शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाने के साथ-साथ कई सारी बीमारियों से बचाता है। अथर्ववेद में लिखा है कि दूध एक सम्पूर्ण भोज्य पदार्थ है। इसमें मनुष्य शरीर के लिए आवश्यक वे सभी तत्व हैं जिनकी हमारे शरीर को आवश्यकता होती है। दूध की शुद्धता अच्छे स्वास्थ्य की निशानी है। विश्व में भारत दुग्ध उत्पादन में अग्रणी देश है। भारत को सदियों से दूध दही का देश कहा जाता रहा है। पंजाब और हरियाणा दुग्ध उत्पादन में हमेशा आगे रहे हैं। एक प्रचलित कहावत है कि जहां दूध दही का खाना वो है हमारा हरियाणा। अब खपत को पूरा करने के लिए इसी दूध में जहर को घोला जा रहा है। मिलावटी दूध हमारे स्वास्थ्य और जीवन को नरक में धकेल रहा है। दूध में मिलावट का सबसे बड़ा कारण देश में दूध की धार का सूखना है। देश में सबसे ज्यादा डेयरियां हैं फिर भी अब दूध की कमी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद में कुल 671.919 टन दुग्ध का उत्पादन हुआ था। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में वर्ष 2022 में दूध का अनुमानित उत्पादन 800 टन ( 7 लाख 76 हड़ार 699 लीटर) के आस पास है। वर्ष 2022 में प्रयागराज की अनुमानित जनसँख्या लगभग 69 लाख है। जबकि दूध की प्रतिव्यक्ति खपत लगभग 500 मिलीलीटर है। कहने का तात्पर्य 7 लाख लीटर दूध 14 लाख की जनसंख्या की खपत को ही पूरा कर सकता है न की 69 लाख की जनसँख्या की खपत को पूरा करेगा। प्रयागराज शहर में दुग्ध उत्पादन से खपत 5 गुना ज्यादा है। ये खपत कैसे पूरी हो रही है इसकी जांच होनी चाहिए। जाहिर है कि ये खपत दूध की धार में सड़ेद जहर मिलाकर पूरी की जा रही है। भारत में दूध का उत्पादन 20 करोड़ लीटर लेकिन खपत 70 करोड़ लीटर है। इससे साबित होता है की दूध में मिलावट बड़े पैमाने पर हो रही है। देश में मिलावटी दूध से खपत को पूरा किया जा रहा है। दक्षिणी राज्यों के मुकाबले उत्तरी राज्यों में दूध में मिलावट के ज्यादा मामले सामने आए हैं। हद तो तब हो गई जब भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ एस एस ए आई) ने दुग्ध उद्योगों को मेलामाइन मिलाने की अनुमति दे दी। जिसके अनुसार सूखे दूध का इन्फेंट फार्मूला (शिशु दूध) बनाने वाली कोई भी कंपनी 1 किलोग्राम सूखे दूध में 1 मिली ग्राम मेलामाइन मिला सकती है। लिक्विड इन्फेंट फार्मूला जैसे कि लिक्विड मिल्क (तरल दूध) में यह 0.15 मिली ग्राम/लीटर और अन्य खाद्य पदार्थों में 2.5 मिली ग्राम/किलोग्राम के हिसाब से मेलामाइन नाम का जहर मिलाने की खुली छूट है। मेलामाइन एक कार्बन आधारित रसायन होता है जिसे दूध और डेयरी उत्पादों में मिलावट करने के लिये प्रयोग किया जाता है। उल्लेखनीय है कि दूध और डेयरी उत्पादों में मेलामाइन की मिलावट करने से गुर्दे संबंधी बीमारियाँ हो सकती हैं और गुर्दा पूर्णतः खराब भी हो सकता है। कई बार दूध के व्यापारी दूध की मात्रा को बड़ाने के उद्देश्य से उसमें पानी मिला देते हैं जिससे दूध में प्रोटीन की मात्रा काफी कम हो जाती है। इस प्रोटीन की मात्रा को संतुलित करने के लिये दूध व्यापारियों द्वारा दूध में मेलामाइन मिलाया जाता है। व्यापक तौर पर मेलामाइन का प्रयोग प्लास्टिक गोंद काउंटरटॉप्स और व्हाइटबोर्ड आदि बनाने के लिये किया किया जाता है। अभी हाल की घटना है एक व्यक्ति ने अमूल के पैकेट वाले दूध को उबालने के बाद प्लास्टिक के रूप में मलाई को पाया। ये मेलामाइन ही है। केंद्र सरकार को मेलामाइन पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए। अतएव हम कह सकते हैं कि दूध अब जहर बनता जा रहा है। लोग भौतिकता में इतना बह गए हैं कि अमृत को भी जहर बना डाला है। दूध में मिलावट को लेकर कुछ साल पहले देश में एक सर्वे हुआ था। इसमें पाया गया कि दूध को पैक करते वक्त सफाई और स्वच्छता दोनों से खिलवाड़ किया जाता है। दूध में डिटर्जेंट की सीधे तौर पर मिलावट पाई गई। यह मिलावट सीधे तौर पर लोगों की सेहत के लिए खतरा साबित हुई। इसके चलते उपभोक्ताओं के शारीरिक अंग काम करना बंद कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दूध में मिलावट के खिलाफ भारत सरकार के लिए एडवायजरी जारी की थी और कहा था कि अगर दूध और दूध से बने प्रोडक्ट में मिलावट पर लगाम नहीं लगाई गई तो देश की करीब 87 फीसदी आबादी 2025 तक कैंसर जैसी खतरनाक और जानलेवा बीमारी का शिकार हो सकती है। हमे यह नहीं भूलना चाहिए कि राष्ट्र के समुदाय का स्वास्थ्य ही उसकी संपत्ति है। अतएव राष्टीय दुग्ध दिवस पर भारत को दूध में होने वाले मिलावट के बारे में सोचना होगा और इससे उबरने के लिए भारत सरकार को ठोस रणनीति बनाने की जरुरत है। अब वो दिन दूर नहीं जब लोगो को वेगन मिल्क पर ही निर्भर होना पड़ेगा। पशुओं से प्राप्त होने वाले दूध के अलावा हर प्रकार का दूध वेगन मिल्क की श्रेणी मे आता है। पश्चिमी देशों में इसका चलन जोरों पर है। अब भारत मे भी इसका प्रचलन बड़ता जा रहा है। वेगन दूध को पारंपरिक डेयरी प्रोडक्ट के विकल्प के तौर पर देखा जाने लगा है। सामान्यतः दूध की आपूर्ति गाय और अन्य पशुओं से की जाती है पर वेगन मिल्क को पौधों और अन्य वस्तुओं से तैयार किया जाता है। जैसे सोया मिल्क (सोया का दूध) ओट मिल्क (जई का दूध) बादाम मिल्क (बादाम का दूध) काजू मिल्क (काजू का दूध) राइस मिल्क (चावल का दूध) कोकोनट मिल्क (गरी का दूध) इत्यादि। यदि अमृत में जहर घोला जाता रहेगा तो अमृत रूपी पारम्परिक दूध के विलुप्त होने में समय नहीं लगेगा। एक पुरानी कहावत है कि हम जीने के लिए खाते हैं न कि खाने के लिए जीते हैं। आप खाने के लिए जीवित मत रहिये। जीवित रहने के लिए खाइये। जीवित रहने के लिए आपको शुद्ध भोजन पर निर्भर रहना पड़ेगा न की जहर पर। कहने का तात्पर्य है कि जब हम जीने के लिए खाते हैं तो अच्छा और कम खाते हैं और जब हम खाने के लिए जीवित रहते हैं तो शराब और ज्यादा खाते हैं। कहा भी गया है अति सर्वत्र वर्जते।

## बात आपके काम की

**बच्चों के बेहतर जीवन के लिए रखें ये सावधानियां**

अगर आप अपने बच्चों के सामने शराब या सिगरेट पीते है तो सावधान हो जाएं क्योंकि आपकी यह आदत आपके बच्चों के जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। हाल ही में हुए एक अध्ययन में यह सामने आया है कि माता-पिता की जीवनशैली का उनके बच्चों पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। अगर बच्चों के सामने उनके माता-पिता सिगरेट पीते हैं तो उनके बच्चों में भी बड़े होने पर सिगरेट पीने की लत लग जाती है। इसलिए अगर ऐसे आदत है तो उसे छोड़ देने में ही भलाई है। अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि माता-पिता की जीवनशैली का बच्चों पर 2 तरह से असर पड़ता है। पहला जिन लोगों का बचपन गरीबी की हालत में गुजरता है। वो बड़े होकर भी उसी हालत में रहते हैं। वहीं दूसरा यह है कि बच्चों को भी अपने माता-पिता जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो जाती हैं।

इस अध्ययन में 50 और उससे ज्यादा की उम्र वाले लगभग 21000 लोगों को शामिल किया गया। शोधकर्ताओं ने इन लोगों में स्मोकिंग की लत मोटापा अल्कोहल की लत एक्सरसाइज ना करने की आदत को उनके बचपन में उनके माता-पिता की आदतों के साथ तुलना कर के देखा है।

इसमें पाया गया है कि माता-पिता की खराब आदतों के साथ उनकी खराब सेहत का उनके बच्चों की सेहत पर भी काफी बुरा असर पड़ता हैं क्योंकि बच्चे हमेशा अपने माता-पिता की जीवनशैली और रहन-सहन का ही पालन करते हैं।

# आधी आबादी को सशक्त बनाता स्व सहायता समूह

देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश बदल रहा है। इस बात की प्रमाणिकता है बीते अठारह वर्ष का स्वर्णिम दौर। लाड़ली लक्ष्मी बेटी बचाओ बेटी पढाओ कन्यादान योजनाओं के बाद अब प्रदेश की महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए स्व सहायता समूह जैसे कार्यक्रम चलाकर मध्यप्रदेश सरकार ने महिला स्वावलम्बन की दिशा में मील का पत्थर गाड़ा है। इसके सूत्रधार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं जिनके द्वारा लिये गए अहम फैसलों से देश में मध्यप्रदेश का मान बड़ा है। हमारे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर कम ही मिला है। घरेलू कार्यों में अति व्यस्त कम शिक्षित होने के बावजूद जब उन्हें स्व सहायता समूह से जुड़कर काम करने का अवसर मिला तब उन्होंने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। बचत में अति कौशल रखने वाली ग्रामीण क्षेत्र की महिलायें व्यवसाय तथा अन्य कार्यों में पूर्णतः सफल हो रही हैं। मध्यप्रदेश सरकार के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्व सहायता समूह के सुखद परिणाम देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गए। नारी सशक्तिकरण की बातें जो कभी सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहती थीं उनको प्रत्यक्ष रुप से देखा जा रहा है। मध्यप्रदेश में स्व सहायता समूहों की सफलता अप्रतिम है और इसकी गवाही आंकड़े दे रहे हैं। लगभग 42 लाख महिलायें इनसे जुड़ी हैं और 535 करोड़ से अधिक मूल्य के उनके द्वारा बनाये हुए उत्पाद आजीविका मार्ट पोर्टल से बिके हैं। 500 करोड़ रुपयों से अधिक का आंकड़ा किसी बड़ी कंपनी के टर्नओवर जैसा प्रतीत होता है। यह करिश्मा उन महिलाओं के माध्यम से संभव हुआ है जो ग्रामीण हैं घरेलू हैं तथा शिक्षित नहीं हैं। मध्यप्रदेश में महिला स्व सहायता समूहों की उपलब्धि सराहनीय है तथा इनकी लगातार चर्चा हो रही है। इसे लगातार ऊर्जा देकर नये पायदान पर ले जाने की आवश्यकता है। यह उत्तरदायित्व सरकार और समाज दोनों का है। ऐसे नये क्षेत्र तलाशने होंगे जहाँ स्व सहायता समूह सफलता का नया आयाम दे सकें। इस तरह नारी सशक्तिकरण जन आंदोलन का रुप ले चुका है। अब तक 4 लाख से अधिक स्व सहायता समूहों के माध्यम से 45 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार आजीविका गतिविधियों से जुड़ चुके हैं। यहाँ बता दें कि 17 हजार महिलाओं



ने पंचायतों में प्रतिनिधि के रूप में अपनी जगह बना ली है और अब वे अपने या समूह के विकास के साथ गांवों के विकास में भी बराबरी का योगदान देने के लिए उत्सुक हैं। स्व सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण महिलायें पहले मेहनत-मजदूरी करती थीं अब वह स्वयं का व्यवसाय शुरु कर अन्य लोगों को रोजगार दे रही हैं। स्व सहायता समूह से जुड़कर महिलायें आत्मनिर्भर बनने के साथ हर माह 5 से 10 हजार रूपये कमा रही हैं। प्रमुख रुप से वे पशुपालन राशन वितरण का काम खेती सम्बंधी बैंक से लोन दिलाने और टैक्स वसुलने के काम में अपना जौहर दिखला रही हैं। ग्रामीण महिलायें 100 से ज्यादा कृषि और गैर कृषि वाली आजीविका गतिविधियों में सलंग्न हैं। स्व सहायता समूह के अंतर्गत अपना रोजगार स्थापित कर चुकीं महिलायें पंद्रह से बीस का समूह बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रही हैं। अन्य महिलाओं से सम्पर्क कर उनकी आवश्यकता जानकर उन्हें समूह से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें संबंधित महिला की स्वेच्छा का पूरा ध्यान रखा जाता है। समूह की महिलायें कैफे संचालन भी कर रही हैं। इसके अलावा स्कूल गणवेश सिलाई फसल क्रय के लिये उपार्जन केन्द्रों का संचालन गौशाला संचालन चारागाह विकास अस्पतालो में ऑक्सीजन प्लांट का संचालन सहित हस्तकला तथा कालीन आदि बनाने का काम भी किया जा रहा है। स्व सहायता समूह में 103 प्रकार की लघु उद्यम गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं। समूहों द्वारा समस्त लेन-देन नगद रहित है। लेन-देन या तो चैक के माध्यम से होता है या फिर बैंक सखियों द्वारा ई- ट्रांजेक्शन कराया जाता है।

# आओ अपनी काबिलियत का लोहा मनवाएं

## आओ अपने व्यक्तित्व को अपनी पहचान बनाकर इतिहास रचें

हजारों वर्ष पुरानी भारतीय संस्कृति के बारे में कहा जाता है कि सृष्टि में मानवीय योनि की पहचान यहीं से हुई है, जो बंदरों से विकसित होते हुए माननीय योनि तक विकसित हुई और बौद्धिक क्षमता का विकास होते गया, जिसकी भव्यता हम वर्तमान स्तर में देख रहे हैं कि मानवीय योनि ने दुनिया को कहां से कहां और कैसी डिजिटल स्थिति में पहुंचा दिया कि, साक्षात मानवीय आकृति रोबोट बना दिया जो पूरी तरह से माननीय कार्य करने में सक्षम है, जो मानवीय बौद्धिक क्षमता का प्रमाण है। परंतु अगर हम इस तकनीकी प्रौद्योगिकी मेड मानव से हटकर सृष्टि रचयिता मानव में तकनीकी स्तरपर गुणों, व्यक्तित्व का विकास करने पर ध्यान दें तो हर मानवीय जीव अपने अपने स्तर पर एक अनोखा इतिहास रच सकते हैं!! जिसके सहयोग से हम विश्व को कहां से कहां ले जा सकते हैं। चूंकि हम यहां मानवीय गुणों के विकास की बात कर रहे हैं तो सबसे महत्वपूर्ण गुण मानवीय व्यक्तित्व है, जो हर मानव अपने आप में पहचानकर उसमें अपने आप को ढाले तो वह स्वयं इतिहास रच सकता है। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,आओ अपने व्यक्तित्व को अपनीपहचान बनाकर इतिहास रचें।

साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति में पले मानवीय जीव की करें तो मेरा मानना है कि सदियों से हर मानवीय जीव की अभिलाषा रहती है कि मेरे बच्चे इतनी ऊंची सकारात्मक तरक्की करें कि मैं अपने बच्चों के नाम से पहचाना जाऊं कि यह फ़लाने के पिता हैं! बिल्कुल सही बात! बस! इसके लिए हर व्यक्ति को चाहे वह मेल हो या फीमेल उसके संबंध में माता-पिता शिक्षक समाज सबका एक ही लक्ष्य होना चाहिएकि अपने बच्चों के व्यक्तित्व को निखारें क्योंकि, हर बालक अनगढ़ पत्थर की तरह है जिसमें सुन्दर मूर्ति छिपी है, जिसे शिल्पी की आँख देख पाती है। वह उसे तराश कर सुन्दर मूर्ति में बदल सकता है। क्योंकि मूर्ति पहले से ही पत्थर में मौजूद होती है शिल्पी तो बस उस फालतू पत्थर को जिसमें मूर्ति ढकी होती है, एक तरफ कर देता है और सुन्दर मूर्ति प्रकट हो जाती है। माता-पिता शिक्षक और समाज बालक को इसी प्रकार सँवार कर खूबसूरत व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। एक अच्छे व्यक्तित्व निर्माण के मूल्यों के नियम बच्चों में रखना जरूरी है। इसलिए सबसे पहले बच्चों में या हमने खुद में समझदारी, धैर्य, उच्च विचार, गुस्से पर कंट्रोल सच्चाई पारदर्शिता को अपनाकर खुद को पहचाने।

साथियों बात अगर हम अपने व्यक्तित्व की करें तो, हर मनुष्य का अपना-अपना व्यक्तित्व है। वही मनुष्य की पहचान है। कोटि-कोटि मनुष्यों की भीड़ में भी वह अपने निराले व्यक्तित्व के कारण पहचान लिया जाएगा। यही उसकी विशेषता है। यही उसका व्यक्तित्व है। प्रकृति का यह नियम है कि एक मनुष्यकी आकृति दूसरेसे भिन्न है।आकृति का यह जन्मजात भेद आकृति तक ही सीमित नहीं है; उसके स्वभाव, संस्कार और उसकी प्रवृत्तियों में भी वही असमानता रहती है। व्यक्तित्व-विकास में वंशानुक्रम तथा परिवेश दो प्रधान तत्त्व हैं। वंशानुक्रम व्यक्ति को जन्मजात शक्तियाँ प्रदान करता है। परिवेश उसे इन शक्तियों को सिद्धि के लिए सुविधाएँ प्रदान करता है। बालक के व्यक्तित्व पर सामाजिक परिवेश प्रबल प्रभाव डालता है। ज्यों-ज्यों बालक विकसित होता जाता है, वह उस समाज या समुदाय की शैली को आत्मसात् कर लेता है, जिसमें वह बड़ा होता है और उस व्यक्ति के गुण ही व्यक्तित्व पर गहरी छाप छोड़ते हैं।

साथियों सब बच्चे जुदा-जुदा परिस्थितियों में रहते हैं। उन परिस्थितियों के प्रति मनोभाव बनाने में भिन्न-भिन्न चरित्रों वाले माता-पिता से बहुत कुछ सीखते हैं। अपने अध्यापकों से या संगी-साथियों से भी सीखते हैं। किन्तु जो कुछ वे देखते हैं या सुनते हैं, सभी कुछ ग्रहण नहीं कर सकते। वह सब इतना परस्पर-विरोधी होता है कि उसे ग्रहण करना सम्भव नहीं होता। ग्रहण करने से पूर्व उन्हें चुनाव करना होता है। स्वयं निर्णय करना होता है कि कौन-से गुण ग्राह्य हैं और कौन-से त्याज्य। यही चुनाव का अधिकार बच्चे को भी आत्मनिर्णय का अधिकार देता है। प्रत्येक मनुष्य के मन में एक ही घटना के प्रति जुदा-जुदा प्रतिक्रिया होती है। एक ही साथ रहने वाले बहुत-से युवक एक-सी परिस्थितियों में से गुज़रते हैं, किन्तु उन परिस्थितियों को प्रत्येक युवक भिन्न दृष्टि से देखता है, उसके मन में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं होती है। यही प्रतिक्रियाएं हमें अपने जीवन का दृष्टिकोण बनाने में सहायक होती हैं।हम अपने मालिक आप हैं, अपना चरित्र स्वयं बनाते हैं। ऐसा न हो तो जीवन में संघर्ष ही न हो, परिस्थितियां स्वयं हमारे चरित्र को बना दें, हमारा जीवन कठपुतली की तरह बाह्य घटनाओं का गुलाम हो जाए। सौभाग्य से ऐसा नहीं है। मनुष्य स्वयं अपना स्वामी है। अपना चरित्र वह स्वयं बनाता है। चरित्र-निर्माण के लिए उसे परिस्थितियों को अनुकूल या सबल बनाने की नहीं बल्कि आत्मनिर्णय की शक्ति को प्रयोग में लाने की आवश्यकता है। साथियों बात अगर हम व्यक्तित्व विकास में खुद की पहल की करें तो, हमेशा अपने से स्वयं कहें ! मैं कर सकता हूं, ये मेरे लिए है। इससे जीवन में आगे बड़ने का प्रोत्साहन मिलता है। साथ ही इससे आत्म सम्मान बड़ता है और व्यक्तित्व में भी निखर आता है। अपने अन्दर अच्छा व्यक्तित्व विकास लाने का एक और सबसे बाड़ा कार्य है अपने विश्वदृष्टि में बदलाव लाना। दूसरों की बात को ध्यान से सुनें और अपने दिमाग के बल पर अपना सुझाव या उत्तर दें। अपने फैसलों को खुद के दम पर पूरा करें क्योंकि दूसरों के फैसलों पर चलनाया कदम उठान असफलता का कारण है। चाहें आपकी बातें हो या आपके कार्य, सभी जगह सकारात्मक सोच का होना अच्छे व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत आवश्यक है। हमारे सोचने का तरीका यह तय करता है कि हम अपना कार्य किस प्रकार और किस हद तक पूरा कर सकेंगे। सकारात्मक विचारों से आत्मविश्वास बड़ता है और व्यक्तित्व को बढाता है। जीवन में कई प्रकार की ऊँची-नीची परिस्तिथियाँ आती हैं परन्तु एक सकारात्मक सोच रखने वाला व्यक्ति हमेशा सही नड़र से सही रास्ते को देखता है। साथियों बात अगर हम अपने प्रतिभा और बहादुरी से इतिहास रचने वाले कुछ भारतीयों की करें तो वैसे तो, अगर भारत के पिछले 100 सालों के इतिहास को देखें तो देश में कई बड़ी महान हस्तियों ने जन्म लिया है, इनमें से कुछ हमें छोड़कर चले गए हैं तो कुछ को हम भूल से गये है। भारत को आड़ाद कराने में कई महान क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी, उस दौर में क्रांतिकारियों के अलावा भी कई ऐसे लोग थे जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का नाम रौशन किया था, लेकिन इन महान हस्तियों को हम आज शायद कुछ भूल चुके हैं। यहां हम कुछ ऐसे नामों की चर्चा करेंगे जिन्हें शायद अनेकों लोग ना जानते हो (1) भारतीय शास्त्रीय संगीत की पहली 'संगीत साम्राज्ञी'भारतीय शास्त्रीय गायक केसरबाई केरकर ने सन 1938 में 'सुरश्री' (संगीत की रानी) का ड़िताब जीता था। सबसे ड़ास बात केसरबाई के संगीत की गूंज अंतरिक्ष तक पहुंची थी।(2) सत्येंद्रनाथ टैगोर,लेखक, कवि, साहित्यकार, संगीतकार और समाज सुधारक के तौर पर जाने जाते हैं। सन 1864 में उन्होंने 'इंडियन सिविल सर्विस' जॉइन की थी, टैगोर को भारत के पहले आईएएस अधिकारी के तौर पर भी जाना जाता है।वोविश्वविख्यात कवि रविंद्रनाथ टैगोर के बड़े भाई थे।(3)दुनियाभर में ह्यूमन कंप्यूटर के नाम से मशहूर शकुंतला देवी बड़ी से बड़ी संख्या को गुणा करके मिनटों में उसका हल निकलने के अपने कौशल के लिए दुनियाभर में मशहूर थीं।(4) भारत की पहली महिला चार्टर्ड एकाउंटेंट आर. शिवाभोगम भारत की पहलीमहिला चार्टर्ड एकाउंटेंट के रूप में जाती हैं। (5) क्ड़वॉन्ड़टम ि?जिक?स की खोज करने वाले सत्?येंद्र नाथ बोस को सन 1920 के दशक में क?वॉन्?टम फिजिक?स में किए गए उनके शोध के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। (6) टाटा की विरासत को पूरी दुनिया में ?ैलाना जमशेदपुर शहर का नाम रतन टाटा के पूर्वज जमशेदजी नसरवानजी टाटा के नाम पर रखा गया था।(7) हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को मशहूर बनाने वाले उस्ताद बड़े गुलाम अली खान।(8) भारत की सबसे कम उम्र की महिला क्रांतिकारी सुनीति चौधरी को भारत की सबसे कम उम्र की महिला क्रांतिकारी के रूप में जाना जाता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, आओ अपनी काबिलियत का लोहा मनवाएं।

## फरेब

प्यार करने वालो चलो संभलकर,
पग- पग धोखा न चलो कफन पकड़कर,
मत सोचो जिस पर मिटते वो भी मिटेगा,
छल- कपट में टुकड़े-टुकड़े तन कटेगा,
लुभायेंगे चिकनी चुपड़ी बातें करके,
पिटेगा रोज तुझको गले से पकड़ के,
झूठे प्रेमी ने पाल रखा है ऐब,
सुंदर मुखड़े के पीछे भी छुपा है फरेब।
प्यार के अंधे को सलाह बेअसर,
रह जाता जिंदगी में अधूरा सफर,
लगते हैं लगने अपने भी पराए,
घर अपना भी लगता है सराय,
ऊब कर तुझसे वह छोड़ देगा,
जख्म तुझे जिंदगी भर के देगा,
नशा प्यार का उतरने पर हालत तो देख,
सुंदर मुखड़े के पीछे भी छुपा है फरेब।
अपनों के पास जाने का डर सताता,
घुट -घुट कर जीवन अपना बिताया,
जीवनभर का फैसला पल में सुनाया,
निकल गया प्यार का आज ही दिवाला,
संग -संग जीने की सारी झूठी कसमें,
बिना निभाई रह गई ये अधूरी रस्में,
निकला राक्षस समझा जिसे देव,
सुंदर मुखड़े के पीछे भी छुपा है फरेब।
तन पर सम्मोहित मत हो जाना,
प्यार हृदय से किसी का पाना,
अंतर्मन से जो जुड़ जाता,
धागा प्यार का कभी टूट न पाता,
वही संवेदना की कद्र करता,
अग्नि पथ पर वही है चलता
प्यार तो बनकर रहता सवेर,
सुंदर मुखड़े के पीछे भी छुपा है फरेब।
प्रेम हर किसी से नहीं होता,
ज्यों ही दिल किसी को न दिया होता,
ईश्वर का होता है अटूट बंधन,
बिना सोचे- समझे जीवनभर का क्रंदन,
अब भी संभल दूर की सोच,
न सके कोई आशाओं को नोच,
खुद पर न लाद जीवन भर का खेद
सुंदर मुखड़े के पीछे भी छुपा है फरेब।



डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।

# शैक्षणिक संस्थानों में विधि का व्याख्यान

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**विधि के छात्रों को चाहिए कि कानून का अध्ययन बारीकी से करें: अधिवक्ता आरके जोशी**

ग्वालियर । संविधान दिवस के अवसर पर केआरजी कॉलेज में अधिवक्ता आरके जोशी के द्वारा संविधान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान निमाताओं के द्वारा संविधान निर्माण करते समय सूझबूझ और गहन अध्ययन से देश का संविधान का निर्माण किया है। परंतु वर्तमान समाज में समाज के विकास के उपरांत संविधान में संशोधन की आवश्यकता भी देखी




जा रही है और संविधान में संशोधन भी किए जा रहे हैं। देश में न्यायपालिका और कार्यपालिका के टकराव की स्थिति देश के आजादी के उपरांत कई बार देखी गई परंतु वर्तमान समय में कॉलेजियम सिस्टम न्यायाधीशों की नियुक्ति के विषय पर टकराव की स्थिति बनी हुई है । न्यायपालिका कार्यपालिका को संयम के साथ कार्य करना चाहिए। और संतुलन बनाने का प्रयास करना चाहिए। क्योंकि देश की जनता न्यायपालिका कार्यपालिका पर दोनों पर भरोसा करती है। इसलिए वर्तमान समय में विधि के छात्रों की नई पीढ़ी देश के विकास के कानून के निर्माण के लिए अत्यंत वरदान साबित होगी विधि के छात्रों को चाहिए कि कानून का अध्ययन बारीकी से करें। जिससे देश में कानून के विकास में सहायक हो सकेगे। इस अवसर पर के आरजी कॉलेज के प्राचार्य श्री एमआर कौशल हरीश अग्रवाल जी प्रभारी प्राचार्य केआरजी कॉलेज विधि विभाग की एचडी चारु चित्र प्रोफेसर मौली शर्मा प्रोफेसर अंजू यादव एवं अन्य गणमान्य वरिष्ठ व्यक्ति उपस्थित थे इस अवसर पर केआरजी कॉलेज की विधि की छात्राएं सैकड़ों उपस्थित रहे।

# सीएम के कार्यक्रम में जा रहे उपसंचालक की कार दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री के शिवराज सिंह चौहान के शहपुरा के ग्राम गुरैया में आयोजित कार्यक्रम में जा रहे जनसम्पर्क विभाग के उप संचालक एमएस उईके सड़क हादसे में घायल हो गए। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे कुंडम थाना क्षेत्र में महानदी के पास हुआ। उप संचालक उईके की कार को सामने से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में कार क्षतिग्रस्त होने के साथ ही उप संचालक और उनका ड्राइवर घायल हो गए। कुंडम पुलिस ने ट्रक जब्त कर आरोपित चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। कुंडम पुलिस ने बताया कि उप संचालक एमएस उईके कार नंबर एमपी-02 एवी 4007 से ग्राम गुरैया जा रहे थे। कार को मिलौनीगंज निवासी राकेश गुप्ता चला रहा था। कुंडम की महानदी के पास सामने से तेज रफ्तार व गलत दिशा से आ रहे ट्रक नंबर एमपी-20 जीए 0445 के चालक ने कार को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार कई फीट पीछे घिसट गई। घटना में उपसंचालक उईके समेत उनका ड्राइवर राकेश घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

Aadhar
Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.
HOME LOAN | PLOT PURCHASE | TOPUP
HOME EXTENSION | LAP | PURCHAS+CONSTRECTION
Add. Alaknanda Tower - 2, City Centre, Gwalior
Contact : Mr. Santosh Singh Bhadoriya
9179661562

# 28 नवंबर से शुरू होगा भोजपाल उत्सव मेला

**सैलानी झूला, सर्कस के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी ले सकेंगे आनंद**

**भोपाल।** भेल दशहरा मैदान पर सुंदरकांड पाठ व भव्य आतिशबाजी के साथ 28 नवंबर को भोजपाल मेला महोत्सव शुरू होगा। इस अवसर पर रंग-बिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े जाएंगे। मेले का यह सातवां साल है। मेला 35 दिनों तक चलेगा। मेले में विभिन्न प्रदेशों के कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति से राजधानीवासियों को रूबरू कराएंगे। अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मेला लगाने का उद्देश्य सामाजिक समरसता, समाज की उभरती प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना, महिला उद्यमियों, व्यवसाइयों को स्थान उपलब्ध कराना है। पारिवारिक महोत्सव में मनोरंजन के साथ स्वादिष्ट व्यंजन भी उपलब्ध रहेंगे।



**सर्कस और सांस्कृतिक प्रस्तुति भी:** मेला समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस बार मेले में बहुत कुछ अलग देखने को मिलेगा। इसमें ट्रेडिशनल भूत बंगला लोगों में रोमांच भरेगा, तो चलता फिरता डायनासोर, अफ्रीकन कलाकारों के साथ ग्रेट जैमिनी सर्कस के कलाकार राजधानी वासियों का मनोरंजन कराएंगे। अलग-अलग 10 बड़े शहरों के बैंड की प्रस्तुति के साथ ही बीएसएफ द्वारा मेले में विभिन्न तरह के आधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मेला संयोजक विकास विरानी ने बताया कि मेला समिति अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए धार्मिक भावना के साथ काम करेगा। कोरोना काल में नीरस हो चुके लोगों के जीवन में किस तरह उमंग और उत्साह वापस आ सके इसको ध्यान में रखते हुए इस बार आयोजन किया जा रहा है। मेला समिति द्वारा ऐसे छोटे-छोटे व्यापारी, दुकानदार जिनके रोजगार के अवसर ही समाप्त हो गए थे, उन्हें इस मेले के माध्यम से उपयुक्त स्थान दिया जा रहा है। साथ ही लोक कलाकार, उदयमान कलाकार और नवांकुर कलाकारों को सांस्कृतिक मंच प्रदान किया जाएगा, ताकि वे अपनी कला को निखार सकें। मेले में 400 से ज्यादा दुकानें होंगी। प्रॉपर्टी, ऑटोमोबाइल, इलेक्टॉनिक, टेलीकॉम, फर्नीचर, हेन्डी क्रॉफ्ट, हैन्डलूम, महासेल सहित विभिन्न प्रकार के स्वादिस्ट व्यंजन, बैंकिंग इंश्योरेंस, ऑर्ट गैलरी, इंटीरियर, महिलाओं की सौंदर्य सामग्री, क्राकरी, कपड़े, आकर्षक एवं मनोरंजक झूले, खेलकूद के स्टॉल आदि महोत्सव के आकर्षक होंगे।

# राहुल गांधी की रैली में लगे विवादित नारे CM शिवराज बोले- होगी सख्त कार्रवाई

**भोपाल।** राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान मध्य प्रदेश के खरगोन में बड़ा विवाद हो गया। भाजपा का आरोप है कि यात्रा के दौरान विवादित नारे लगाए गए हैं। कांग्रेस ने जहां इसे भाजपा की साजिश बताया है, वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है। विवाद सामने आने और दोनों पक्षों की बयानबाजी के बाद शिवराज सिंह ने ट्वीट किया, भारत जोड़ो यात्रा में विवादित नारे लगना, यह भारत जोड़ना है या भारत को तोड़ने वालों को साथ जोड़ना है। पहले भी भारत तोड़ा है, क्या फिर भारत तोड़ने का इरादा है? विवादित नारे लगाने वाले किसी भी कीमत पर बचेंगे नहीं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### भाजपा का आरोप

मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी (विष्णुदत्त) शर्मा ने वीडियो ट्वीट कर आरोप लगाया, 'खरगोन में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सरेआम विवादित नारे से कांग्रेस की देश तोड़ने की मानसिकता फिर से उजागर हुई है। यह बार-बार साबित हो रहा है कि यह भारत तोड़ो यात्रा है। इस निंदनीय कृत्य के लिए राहुल गांधी को देश से माफी मांगना चाहिए।' नीचे देखिए वीडियो। मध्य प्रदेश में भाजपा के मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर ने भी वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा, भारत जोड़ो यात्रा में खुलेआम नारा विवादित नारा लगा। इसे कांग्रेस के ऑफिशियल हैंडल से ट्वीट किया गया, बाद में हटाया गया, लेकिन सच्चाई तो सामने आ गई कि कांग्रेस के दिल में क्या है।'

### विवाद पर कांग्रेस की सफाई

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, अत्यधिक सफल भारत जोड़ो यात्रा को बदनाम करने के लिए भाजपा के डर्टी ट्रिक्स विभाग द्वारा संपादित एक वीडियो प्रसारित किया जा रहा है। हम तत्काल आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं मध्य प्रदेश में कांग्रेस प्रवक्ता केके मिश्रा ने भाजपा के आरोप का खंडन किया और कहा, हमने यात्रा में ऐसा कोई नारा नहीं सुना। राहुल गांधी के समर्थन में हजारों लोग उमड़ रहे हैं, यह देखकर भाजपा बौखला गई है। केके मिश्रा ने उल्टा आरोप लगाया कि साजिशन किसी संघ और भाजपा की विचारधारा के आदमी को रैली में इसके लिए भेजा गया होगा। केके मिश्रा ने अपने ट्वीट में लिखा, भारत तोड़ो की जनक कुत्सित भाजपाई विचारधारा राहुल गांधी की विजय यात्रा से घबराई...कूटरचित वीडियो का इस्तेमाल कर इसे बदनाम करने का कुप्रयास किया। भारजा मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। ऐसे हीन हथकंडे हमारे अडिग उद्देश्यों को हिला नहीं पाएंगे। राहुल गांधी जो यात्रा कर रहे हैं उसमें विवादित नारे लगना, ये इस बात का सबूत है कि यह वही राहुल गांधी हैं जो जेएनयू में दिल्ली में भारत माता के टुकड़े करने वाले लोगों के समर्थन में खड़े होते थे।

# अभिनेत्री ऋचा चड्ढा के खिलाफ दर्ज होगी एफआइआर गृहमंत्री नरोत्तम ने दिए निर्देश





**भोपाल।** अभिनेत्री ऋचा चड्ढा द्वारा दिये गये सेना के खिलाफ बयान पर गृह मंत्री नरोत्तम मंत्री ने एफआइआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि ऋचा के खिलाफ शिकायत मिली है। इसका परीक्षण करने के बाद एफआइआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने अभिनेत्री को नसीहत देते हुए कहा कि वह सेना का सम्मान करना सीखें। यह सेना है, सिनेमा नही । गृह मंत्री मिश्रा ने कहा कि अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने सेना को लेकर जो बयान दिया है, उसने देश के राष्ट्रभक्तों को आहत किया है। ऋचा जी, यह सेना है सिनेमा नही। कभी माइनस 30 डिग्री, 45 डिग्री में रहकर कर तो देखो। कभी लू के थपेड़ों के बीच 45 डिग्री तापमान में काम करके तो देखो, सेना का श्रम और बलिदान समझ में आ जाएगा। रील लाइफ और रियल लाइफ में अंतर होता है। यह सेना है, सिनेमा नही कि मुंह उठाया और कुछ भी बोल दिया। सेना का सम्मान करना सीखे ऋचा जी।

गृहमंत्री ने आगे कहा कि ऋचा चड्ढा के बयान से राष्ट्र भक्तो को पीड़ा पहुंची है। वैसे भी अभिनेत्री ऋचा के टुकड़े टुकड़े वाली मानसिकता जग जाहिर है। बिटिया श्रद्धा के 35 टुकड़े कर दिए गए, मगर उनकी जुबान से एक शब्द नही निकला। लेकिन जहां देश और सेना के खिलाफ बोलना हो, तो सबसे आगे वह ही दिखाई देती है। सही कहा गया है जैसा खाए अन्न वैसा हो मन। जिन लोगो की संगत में वह है तो मानसिकता तो टुकड़े टुकड़े वाली ही रहनी है ।

# सावरकर के पैरों की धूल भी नहीं हैं राहुल

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने कहा है कि कांग्रेस सात जन्म ले ले, फिर भी वो राहुल गांधी को वीर सावरकर के पैरों की धूल के बराबर भी नहीं बना सकती। कांग्रेस को संघ और सावरकर को कोसने की बजाय आत्ममंथन करना चाहिए। शुक्रवार को शहर प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने पेसा एक्ट को आदिवासियों के उत्थान के लिए बड़ा कदम बताया। उच्च शिक्षा मंत्री का कहना था कि कांग्रेस नेता विरोध की खातिर कुछ भी कह रहे हैं।



कमल नाथ के हालिया विवादित बयान को लेकर डा. मोहन यादव ने कहा कि ऐसे बयानों पर न तो राहुल गांधी कुछ कहेंगे और न ही प्रियंका गांधी। पेसा एक्ट को लेकर डा. यादव ने कहा कि इससे आदिवासी समाज के लोगों के विकास का रास्ता खुलेगा। आदिवासी अंचल की पंचायतों की भूमिका संबंधित क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण होगी। वनवासी क्षेत्र के जल-जंगल और जमीन पर आदिवासियों का अधिकार होगा। उन्होंने कहा कि पेसा एक्ट की वजह से कांग्रेस परेशान है, उसको समझ में नहीं आ रहा कि वो इस पर कैसा रिएक्ट करे। टंट्या भील को लेकर कांग्रेस की ओर से आए बयान पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को अपना सामान्य ज्ञान बढ़ाना चाहिए।

# सड़क हादसे में मददगार बनें, पुलिस नहीं करेगी पूछताछ

**जबलपुर।** यातायात नियमों को समझाने और सुरक्षित वाहन चलाने की नईदुनिया ने पाठशाला का आयोजन किया। ब्रिटिश स्कूल परिसर में बच्चों को सुरक्षित वाहन चलाने के सुझाव दिए गए। किस तरह सड़क हादसे में घायलों की मदद कर जीवन सुरक्षित किया जाए इसके बारे में भी बताया। यातायात विभाग से सूबेदार वीरेंद्र सिंह आरक ने बच्चों को नियमों की जानकारी दी। स्कूल के विद्यार्थियों ने पूछा कि हादसे में घायल की मदद पर कानूनी लिखा पढ़ी की वजह से लोग इससे बचते हैं। पुलिस ने बच्चों को बताया कि अब नियम बदल गया है मददगार से किसी तरह की पूछताछ नहीं होती है न ही कानूनी प्रक्रिया में मददगार की मर्जी के बिना नाम भी नहीं दर्ज लिखा जाता है। इन दिनों जबलपुर पुलिस ने घायल की मदद करने पर प्रोत्साहन के लिए मददगार को पांच हजार रुपये सम्मान निधि देने का निर्णय भी लिया है। स्कूल के संचालक व लेखक अनुराग सोनी ने भी विद्यार्थियों को यातायात से जुड़ी रोचक जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रेरणा सर्वटे, संयोजक संगीता धरगुप्ता, अर्चना भटकर, नीलेश तिवारी, शीला जायसवाल, हरशरन कौर, नैंसी सोनकर, दलजीत सिंह, मोनिका चौधरी का विशेष सहयोग रहा। यातायात विभाग से एएसआई आरके पांडे और आरक्षक नितिन यादव ने बच्चों को यातायात की जानकारी दी।



### गलत तरफ न चलें, ओवरटेक से बचें

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को नईदुनिया के आह्वान पर रांझी बस स्टैंड में आटो चालकों को यातायात संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। रांझी थाना प्रभारी सहदेव साहू ने आटो चालकों को यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि आटो चलाते समय गलत तरफ में न चलें। शहर की सड़कों पर गति नियंत्रित रखे और ओवरटेक करने से बचें।

# आटो में बिठाकर महिलाओं के गले से सोने के जेवर चुराने वाली गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**सीहोर।** कोतवाली थाने में दो महिलाओं ने उनके गले से सोने के जेवर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। दोनों घटनाओं में आटो में बैठने के बाद महिलाओं के गहने चोरी होने की बात सामने आई थी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने आटो गैंग को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी के गहने बरामद किए है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 31 अक्टूबर को बडियाखेडी सीहोर निवासी मीना राय रोज की तरह जब सूबह आफिस जाने के लिए पैदल घर से निकली तो नदी चौराहे के पास एक आटो वाले ने उनसे अपने आटो में बैठने के लिए कहा। आटो में पहले से दो महिलाए बैठी हुई थी। आटो वाले ने थोडी दूर जाकर मीना राय को आटो से उतार दिया और उन दो महिलाओ सहित आटो लेकर बस स्टैंड की तरफ चला गया। आटो से उतरने के बाद मीना राय के गले से उनका सोने का मंगलसूत्र गायब था। कुछ दिन बाद ठीक



इसी प्रकार आठ नवंबर को इंगलिशपुरा निवासी प्रभा जैन जब अपने घर से पैदल जैन मंदिर जा रही थी तो रास्ते में उन्हें भी एक आटो वाले ने आगे छोड देने का कहकर अपने आटो में बैठा लिया जिसमें भी दो महिलाएं पहले से बैठी हुई थी, जब आटो वाले ने प्रभा जैन को थोडी दूर जाकर आटो से उतारा तो उनके गले से भी उनकी सोने की चेन गायब हो चुकी थी। यह दोनों मामले कोतवाली पुलिस के संज्ञान में आने के बाद क्षेत्र में इस विशिष्ट कार्यप्रणाली की आपराधिक गैंग को गिरफ्त में लेने के लिए टीआइ कोतवाली नलिन बुधोलिया के नेतृत्व में एक पुलिस दल का गठन किया गया। जब इस पुलिस टीम ने तहकीकात शुरू की तो जानकारी मिली कि इस प्रकार का एक संदिग्ध आटो भोपाल की तरफ गया है, जिसका तकनीकी आधार पर पीछा करने पर आटो का नंबर ज्ञात हुआ। इस आधार पर पुलिस ने आटो चालक मुस्ताक अंसारी निवासी कोलार रोड भोपाल को पकडकर पूछताछ की तो उसने घटना में अपने साथ अनुराधा बुद्ध और रंजीता मराठी के शामिल होने की बात पुलिस को बताई। अनुराधा बुद्ध और रंजीता से पूछताछ करने पर उन्होने सीहोर में इन दोनो घटनाओ को अंजाम देने के अलावा विदिशा और रायसेन में भी इसी प्रकार की वारदात करना कबूल किया।

### बुजुर्ग, भोलीभाली महिलाओं को बनाते थे शिकार

आरोपितों ने अपनी कार्यप्रणाली के बारे में बताया कि वै ऐसी महिलाओ को अपना शिकार बनाते थे जो वृद्ध हो या जिन्हें आसानी से धोखा दिया जा सके। महिलाओं को अपने आटो रिक्शा में बैठाने के बाद चालक आटो को झटके दे देकर चलाता था जिससे महिलाओ के गले से चेन निकालते समय उन्हें इसका आभास न हो। उनके गले से चेन, मंगलसूत्र वगैरह निकालने के तुरंत बाद उन्हें आटो से उतार देते थे। जिससे महिला को उनके सामने ही चोरी हो जाने का पता न लग सके। आरोपी अनुराधा और रंजीता पहले आगरा उप्र में रहती थी जो करीब तीन महिने पहले भोपाल आकर गांधी नगर स्थित झुग्गी झोपडी में रहने लगी और इसी प्रकार की चोरी की वारदातो में संलिप्त हो गई थी।

# मालवा मैराथन में बेहतर स्वास्थ्य के लिए दौड़ेगा इंदौर

**इंदौर।** भागती-दौड़ती जिंदगी में सबसे आगे रहने की होड़ में व्यक्ति जिस एक बात से बहुत पिछड़ गया है, वह है खुद की सेहत का ख्याल। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में काम के दबाव के चलते दिनचर्या से उपयुक्त भोजन और व्यायाम जैसे जरुरी विषय फीके पड़ते जा रहे हैं। ऐसे में व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के महत्त्व को बताते हुए अहिल्या नगरी में विशेष मालवा मैराथन दौड़ेगा इंदौर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन 18 दिसंबर को आयोजित होगी। इस मैराथन में खास तौर पर अल्ट्रा रनर समीर सिंह उपस्थित रहेंगे। तीन घंटे की यह मैराथन प्रतियोगिता इंदौर के नेहरू स्टेडियम से सुबह छह बजे से शुरू होगी, जिसमें 12 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे, युवा, बुजुर्ग तथा इच्छुक व्यक्ति हिस्सा ले सकते हैं। मैराथन को तीन मुख्य श्रेणियों- हाफ मैराथन (21 किमी), ओपन रन (10 किमी) और ड्रीम रन (5 किमी) में विभाजित किया गया है। स्वस्थ्य जीवन में दौड़ की महत्ता बताने और इसके लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित हो रही। इस मैराथन में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के लिए मेडिकल सुविधा, बस सुविधा, टी-शर्ट, प्रमाणपत्र,



नाश्ता, प्री मैराथन एक्सपो, गुडीज़, हाइड्रेशन पाइंट, फिजियोथैरेपी तथा स्ट्रेचिंग और जुम्बा वार्म-अप जैसी सुविधाए दी जाएगी। इस दौरान विजेताओं को 3,36,000 रुपये तक के पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा, वहीं अन्य विजेताओं को पदक तथा पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों को मेडल्स और सर्टिफिकेट्स सहित लकी ड्रा के माध्यम से गिफ्ट हैंपर्स दिए जाएंगे। मालवा मैराथन दौड़ेगा इंदौर प्रतियोगिता को लेकर पुष्कर मेहता, आयोजक, मालवा मैराथन ने कहा, इंदौर स्वच्छता के साथ ही हर विषय में अव्वल है। व्यस्त दिनचर्या के चलते कमतर हो रहे व्यायाम आदि को पुनः जीवित करने के उद्देश्य के तहत हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे स्टार धावक समीर सिंह के साथ इंदौर तथा मालवावासी मैराथन को सफल बनाने और देशभर को स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य का संदेश देने सड़कों पर उतरेंगे।

# पुतिन अब तक रूस का चौथाई बजट खर्च कर चुके युद्ध पर

फोर्ब्स पत्रिका के एक अनुमान के मुताबिक रूस विगत नौ माह से यूक्रेन संग युद्ध पर अपने वार्षिक बजट का एक-चौथाई हिस्सा खर्च कर चुके हैं. फरवरी में रूस ने यूक्रेन पर हमला बोला था और अब तक रूस के 82 अरब डॉलर उसके कथित स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन पर



खर्च हो चुके हैं. पिछले साल रूस का बजट 340 बिलियन पौंड था, जिसका अर्थ है कि मास्को ने युद्ध पर अपने वार्षिक बजट का एक चौथाई खर्च किया है. यह अनुमान रूस के सैन्य अभियान की सिर्फ प्रत्यक्ष लागत का है और इसमें रक्षा खर्च या पश्चिमी देशों के कड़े प्रतिबंधों के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान शामिल नहीं हैं. फोर्ब्स ने यह भी कहा कि तेल और गैस के निर्यात से भी रूस का संघीय बजट राजस्व कम हो रहा है, क्योंकि मॉस्को ने प्रतिबंधों की वजह से अधिकांश यूरोपीय गैस बाजार खो दिया है. ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि इस पतझड़ के मौसम में युद्ध का खर्च दोगुना हो गया है. इस कारण संघर्ष के लिए हर महीने कम से कम 10 अरब डॉलर की जरूरत पड़ रही है. यूक्रेन पर आक्रमण के दौरान किए गए खर्चों में सैनिकों के वेतन, मृतकों और घायलों के लिए मुआवजा, हथियार और गोला-बारूद खरीदना या बनाना और क्षतिग्रस्सत सैन्य उपकरणों को बदलना शामिल है. फोर्ब्स के अनुमान के मुताबिक पिछले महीने मृतकों और घायलों को 3.5 अरब डॉलर से अधिक मुआवजा राशि दी गई है. एक और अनुमान के मुताबिक रूस प्रति दिन 10,000 से 50,000 गोलों का उपयोग कर रहा है. फोर्ब्स के मुताबिक एक सोवियत-कैलिबर शेल की औसत कीमत लगभग 1,000 डॉलर है. ऐसे में सिर्फ तोपखाने पर ही रूस का 5.5 अरब डॉलर खर्च हो चुका है. इस बीच दक्षिणी यूक्रेनी शहर खेरसॉन पर रूसी गोलाबारी में 15 नागरिकों की मौत हो गई क्योंकि देश भर के इंजीनियरों ने बड़े शहरों में गर्मी, पानी और बिजली आपूर्ति बहाल करने की कोशिश में है. हाल के सप्ताहों में रूसी हवाई हमलों ने जबर्दस्त सर्दियों के मौसम में यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को ध्वस्त कर दिया है.

# तालिबान ने इस्लाम के बारे में यूएन के अधिकारी के गलत बयान की निंदा की

**काबुल।** अफगानिस्तान इस्लामिक अमीरात के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने शनिवार को ट्विटर पर संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी के इस्लाम के प्रति अपमानजनक बयान की निंदा की. स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी. एक दिन पहले, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायोग के प्रवक्ता और पश्चिमी देशों के प्रतिनिधियों ने शारीरिक दंड की सजा को अमानवीय और क्रूर कृत्य कहा था. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया- मुजाहिद ने कहा कि इस्लाम के दंड संहिता के कार्यान्वयन पर यह टिप्पणी इस्लाम के पवित्र धर्म का अपमान और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के खिलाफ थी.

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि देशों और संगठनों को इस्लाम के धर्म के संबंध में व्यक्तियों को उनकी ओर से गैर जिम्मेदाराना और उत्तेजक बयान करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए. अफगानिस्तान में शारीरिक दंड के खिलाफ शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र अधिकार कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शामदासानी के बयान के बाद यह प्रतिक्रिया आई. शमदासानी ने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय वास्तविक अधिकारियों द्वारा



सार्वजनिक रूप से बड़े पैमाने पर शारीरिक दंड से भयभीत था, इस सजा के घृणित रूप को समाप्त करने का आह्वान किया. एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने कहा- बयान में शारीरिक दंड को क्रूर और अमानवीय करार दिया गया, यह कहते हुए कि यह अत्याचार और अन्य क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक उपचार या सजा के खिलाफ कन्वेंशन और नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय वाचा के तहत निषिद्ध है. शमदासानी ने कहा कि 15 अगस्त, 2021 को अफगानिस्तान में तालिबान का शासन शुरू होने के बाद से, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने धार्मिक संहिता के कथित उल्लंघन के लिए अक्सर सार्वजनिक रूप से दी जाने वाली इस तरह की सजा के कई मामलों का दस्तावेजीकरण किया है. बयान ने निष्कर्ष निकाला कि शारीरिक दंड अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत मानवाधिकारों का उल्लंघन है.

## एक नजर...

### इस साल अक्टूबर तक नार्वे ने 13,214 भारतीयों को दिया विजिटर वीजा



**नई दिल्ली।** नॉर्वे ने इस साल जनवरी से अक्टूबर तक 13,214 भारतीयों को विजिटर वीजा दिए हैं. एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है. नॉर्वेजियन डायरेक्टोरेट ऑफ इमिग्रेशन (यूडीआई) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी से जून तक भारतीयों के लिए विजिटर वीजा की संख्या में उल्लेखनीय मासिक वृद्धि हुई है. भारतीय नागरिकों को जनवरी में 138, फरवरी में 273, मार्च में 842, अप्रैल में 959, मई में 1,500 और जून में 2,368 विजिटर वीजा दिए गए. भारतीय नागरिकों को दिए जाने वाले विज़िटर वीजा की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि सितंबर में दर्ज की गई, जो 2,156 थी. जुलाई में भारतीयों को 1,635 विज़िटर वीजा प्राप्त हुए. इसके बाद अगस्त में 1,869, सितंबर और अक्टूबर में 1,476, वीजा प्रदान किए गए. यूडीआई के मुताबिक नार्वे की ओर से इस साल जनवरी से अक्टूबर के बीच की अवधि में कुल 47,917 विजिटर वीजा दिए गए. गौरतलब है कि एक विजिटर वीजा एक व्यक्ति को नॉर्वे या शेंगेन क्षेत्र के अन्य देशों में 180 दिनों की अवधि में 90 दिनों तक रहने की अनुमति देता है. वयस्कों के लिए वीजा शुल्क 80 यूरो (लगभग 6,700 रुपये) और छह -11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 40 यूरो (लगभग 3252 रुपये) है. छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए निःशुल्क है.

### सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार करने वाली फर्म पर एफआईआर



**लखीमपुर खीरी।** यूपी के लखीमपुर खीरी में नवभारत टाइम्स की खबर का बड़ा असर हुआ है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बन रही सड़क भ्रष्टाचार मामले में ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज हो गया है। लोक निर्माण विभाग खंड-2 में तैनात अभियंता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्रामीणों द्वारा सड़क का हाथ से उखाड़ते हुए प्रशासन से जांच की अपील की गई थी। प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए जांच कमेटी गठित की थी, जिसने कार्रवाई की संस्तुति की थी। मामला लखीमपुर खीरी की कुंभी ब्लाक का है। जहां सरैया विलियम से अमीर नगर तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 11 किलोमीटर सड़क बनने की संस्तुति मिली थी। लगभग 6 करोड़ की लागत से सड़क बननी थी। सड़क बननी शुरू हुई थी कि गांव वालों ने इसकी गुणवत्ता को लेकर शिकायत की। बकायदा गांव वालों ने सड़क का हाथ से उखाड़ते हुए वीडियो बनाकर वायरल किया और प्रशासन से सड़क की गुणवत्ता पर जांच करने की अपील की। वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 5 अधिकारियों की टीम गठित की। जांच के दौरान सड़क का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा तो वहीं सड़क का निर्माण कर रही फर्म बालाजी कंस्ट्रक्शन की शिथिलता की संस्तुति भी की। जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने फर्म के साथ ही जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की संस्तुति शासन को भेज दी। 25 नवंबर को लोक निर्माण विभाग खंड 2 में तैनात सहायक अभियंता अमित कुमार यादव ने ठेकेदार संजीव सिंह चौहान पर आईपीसी की धारा 228 418 और 431 के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। संजीव कुमार चौहान सड़क का निर्माण कर रही बालाजी बिल्डर्स फर्म के प्रोपराइटर हैं।

### कंपकंपा रहा नवंबर, ठिठुराएगा दिसंबर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के तापमान में बड़ा बदलाव होता दिख रहा है। नवंबर माह बीतने वाला है, लेकिन इस माह ने साल में पढ़ने वाले ठंड की स्थिति साफ कर दी है। कड़ाके की ठंड इस वर्ष पड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। लखनऊ से नोएडा और गाजियाबाद तक अभी से ही ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। रात को चलने वाली ठंडी हवाएं लोगों को कंपकंपा रही है। दिसंबर में यही हवाएं ठिठुराएंगी। दरअसल, पहाड़ों पर लगातार बर्फबारी हो रही है और आने वाले दिनों में इसमें वृद्धि की ही संभावना मौसम विभाग की ओर से जताई गई है। दिन में धूप निकलने और आसमान साफ रहने के कारण अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रह रहा है। लेकिन, रात बीतते ही उस और ठंडी हवाओं के असर के कारण न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे चला जा रहा है। इससे सुबह में लोगों को ठंड जैसी स्थिति दिख रही है। राजधानी लखनऊ में रविवार की सुबह मौसम काफी ठंडा रहा।

# सोशल मीडिया पर गन की फोटो और वीडियो, आता था ऑर्डर, बनता था हथियार

## एक से 5 हजार में तमंचे और 45 हजार रुपये में बेचते थे पिस्टल

भोजपुर। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में डिमांड पर हथियारों की सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। ऑनडिमांड हथियार बनाने वाले गैंग को एसपी देहात एसओजी और भोजपुर थाना पुलिस ने दबोचा है। भोजपुर में कांशीराम आवास योजना के एक खाली फ्लैट में फैक्ट्री लगाई थी। मौके पर 20 से ज्यादा पिस्टल और तमंचे मिले हैं। दिल्ली एनसीआर में 300 से ज्यादा पिस्टल और तमंचे सप्लाई करने की बात कबूली है। बदमाशों ने बताया कि तमंचे एक से 5 हजार और पिस्टल 45 हजार रुपये में बेचते थे। एसपी देहात डॉ. ईरज राजा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम समीर, रेहान, सूरज और आर्यन त्यागी है। हथियारों की सप्लाई चेन में कुछ बिचौलियों के बारे में भी जानकारी मिली है। उनके बारे में भी पता किया जा रहा है। एसपी देहात ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि गैंग भोजपुर में करीब 25 दिनों से फैक्ट्री चला रहे थे। आरोपी हर जगह इसी तरह के सुनसान इलाके तलाशते थे। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल की जांच में सोशल मीडिया के जरिए हथियारों के सप्लाई का पता चला। कई लोगों को पिस्टल और तमंचे की फोटो व विडियो




भेजे गए थे। डील होने के बाद हथियार सप्लाई करने बाइक और कार से जाते थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हरियाणा पंचायत चुनाव, दिल्ली नगर निगम चुनाव और यूपी में होने वाले निकाय चुनाव के लिए उन्हें काफी ऑर्डर मिले थे। पहले मेरठ में हथियार बनाते थे, लेकिन वहां से सप्लाई करने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए भोजपुर में फैक्ट्री लगा ली।

गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल की जांच और पूछताछ में पता चला है कि हाल ही में 300 से ज्यादा पिस्टल और तमंचे दिल्ली एनसीआर में सप्लाई किए थे। उनके पास कई जिलों से ऑर्डर आ रहे थे। फरीदाबाद, पलवल के साथ ही दिल्ली के भी कुछ इलाकों में असलहे बेचे हैं। यूपी में नगर निकाय चुनाव की घोषणा जल्द होने वाली है। इसी वजह से बुलंदशहर, बागपत और मेरठ से भी काफी ऑर्डर मिले थे। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस का दावा है कि हथियारों की सप्लाई चुनाव को प्रभावित के लिए की जा रही थी। आगे भी इसी प्रकार के ऑर्डर पर काम हो रहा था। बदमाशों के मोबाइल से जिन लोगों की जानकारी मिली है, उनकी डिटेल निकलवाई जा रही है। पुलिस को अब तक पता चला है कि इनमें से कई खरीदार ऐसे हैं, जो किसी न किसी रूप से चुनाव के दौरान एक्टिव थे।

# लखनऊ में स्कूल के बाहर 2 गुटों की मारपीट में 12वीं के छात्र की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के गोमतीनगर में शनिवार को दो गुटों की मारपीट में 12वीं के छात्र की जान चली गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं पाए गए हैं। जांच में जुटी पुलिस ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है। चिनहट के सेमरा गांव के पास पूर्वांचल एन्क्लेव निवासी शंकराचार्य तिवारी बाराबंकी आरटीओ कार्यालय में प्रवर्तन पर्यवेक्षक हैं। बेटा अंश तिवारी (18) गोमतीनगर के विनम्रखंड स्थित एलपीएस में 12वीं का छात्र था। बताया जा रहा है कि अंश अपने दोस्तों शिवम, शाश्वत, आदित्य प्रताप और अभय के साथ दोपहर के समय विभव खंड स्थित रॉयल माउंट एकेडमी स्कूल के पास पहुंचा। इसी दौरान रॉयल माउंट एकेडमी स्कूल के कुछ बच्चों की छुट्टी हुई थी। छानबीन में पता चला है कि किसी बात को लेकर अंश और उसके दोस्तों की एकेडमी के छात्रों से कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। इस दौरान बेसुध होकर गिर पड़ा। छात्रों की मारपीट होती देख स्कूल के शिक्षक समेत आसपास के लोग जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ देर में अंश उठा और पानी मांगा। पानी पीते ही फिर बेसुध होकर गिर पड़ा। बेटे के दोस्तों से जानकारी होने पर पिता ने विभूतिखंड पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस आननफानन में अंश को लोहिया हॉस्पिटल ले गई। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के वापस घटनास्थल पर पहुंचने तक अंश के दोस्त और दूसरे छात्र जा चुके थे। डीसीपी ईस्ट प्राची सिंह ने बताया कि छात्र गुटों की मारपीट में अंश की मौत हुई है,




लेकिन अब तक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। शरीर पर चोट के कोई निशान भी नहीं मिले हैं। ऐसे में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही सच सामने आ चुकेगा। परिवारीजनों ने भी अब तक कोई तहरीर नहीं दी है। पूरे मामले में अंश के दोस्तों से पूछताछ की जाएगी। एलपीएस का छात्र अंश शनिवार को घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकला था। चारों दोस्त भी साथ थे। सभी बाइक से निकले थे, लेकिन अंश स्कूल की जगह रॉयल माउंट एकेडमी स्कूल के पास पहुंच गया। एलपीएसी विनम्र खंड की प्रिंसिपल अनीता चौधरी ने बताया कि अंश 22 नवंबर से स्कूल नहीं आ रहा था। घर वालों को जानकारी भी दी जा चुकी थी। पता चला है कि उसका दोस्त आदित्य प्रताप पहले कैफे चलाता था। पुलिस उससे पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। 12वीं के छात्र अंश का 15 दिन पहले भी कुछ लड़कों से झगड़ा हुआ था। तब कुछ लोगों के हस्तक्षेप से समझौता हो गया था। पुलिस शनिवार को हुई घटना को भी पहले हुए झगड़े से जोड़कर देख रही है। बताया जा रहा है कि शनिवार को पहले रॉयल माउंट एकेडमी के जूनियर छात्रों से अंश व उसके दोस्तों की कहासुनी हुई और फिर मारपीट हुई। पुलिस के अनुसार वजह जानने के लिए स्कूल प्रशासन के साथ ही संबंधित छात्रों से पूछताछ की जाएगी। पूर्वांचल एन्क्लेव निवासी शंकराचार्य मूलरूप से गोंडा के रहने वाले हैं। बेटे की मौत से शंकराचार्य के साथ ही उनकी पत्नी ममता बदहवास हो गईं। परिचितों के अनुसार उनके एक और बेटा नवनीत भी है, जो स्पेशल चाइल्ड है। बेटे की मौत से बिलख रखे दंपती को संभालने का प्रयास कर रहे रिश्तदारों और परिचितों की आंखें भी नम हो उठीं।



## जीजा के प्यार में पागल 3 बच्चों की मां ने पति की करा दी हत्या

**बस्ती।** रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक वाकया सामने आया है। तीन बच्चो की मां ने अपने ही पति की हत्या करा दी। प्रेमी कोई और नहीं महिला का बहनोई ही है। मामला उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र का है। जहां आरोपी गुड़िया प्रेम में इस कदर दीवानी हो गई कि उसने किसी भी रिश्ते को रिश्ता नहीं समझा। यहां तक कि अपने तीनों बच्चों के बारे में भी एक बार भी नहीं सोचा और पति की हत्या करवा डाली। मृतक के चचेरे जीजा जगन्नाथ प्रसाद वर्मा ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पहले तो मृतक को खूब शराब पिलाई। इसके बाद उसे सरयू नदी में फेंक दिया। जहां मृतक विनोद की नशे में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण डूबने से ही बताया गया। मामला तब जाकर खुला, जब चारों की शराब पीते पचवस ढाबे की सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हत्थे लगी, जिसमें अभियुक्त जगन्नाथ, विमलेश, राजन मृतक विनोद के साथ शराब के नशे कार में बैठते देखा गया, जिसके बाद पुलिस ने अभियुक्ता गुड़िया सहित उसके प्रेमी और हत्या में शामिल दो अन्य को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयोग की गई गाड़ी भी पुलिस ने बरामद की है।

# रालोद का प्रचार कर रहे एडी पशुपालन, शिकायत पर शासन ने मांगा जवाब

**मुजफ्फरनगर।** पशुपालन विभाग के सहारनपुर मंडल के अपर निदेशक डॉ. आनन्द कुमार को रालोद विधायक के साथ फोटो खिंचवाना महंगा पड़ गया। फोटो के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी को मिली शिकायत पर जांच कराई गई और शासन और इलेक्शन कमीशन को अपर निदेशक के खिलाफ रिपोर्ट भेज दी है, जिसमें एडी पर खतौली उपचुनाव में रालोद प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करने के आरोप लगे हैं। इस मामले में शासन ने एडी से स्पष्टीकरण मांगा है। 18 नवम्बर को रालोद विधायक प्रसन्न चैधरी की फेसबुक पर एक फोटो पोस्ट किया गया था, जिसमें कहा गया था कि खतौली विधानसभा उपचुनाव में पदाधिकारियोंव कार्यकर्ताओं के साथ खतौली के लिए रवाना होते हुए। इस फोटो में उनके साथ पशुपालन विभाग के सहारनपुर मंडल के अपर निदेशक डॉ. आनन्द कुमार भी नजर आ रहे थे। इस पोस्ट के बाद जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर से कुछ लोगों ने शिकायत की थी। जिसमें कहा गया था कि पशुपालन विभाग के अपर निदेशक द्वारा रालोद प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार किया जा रहा है।

शिकायतकर्ता द्वारा जिलाधिकारी को एडी सहारनपुर के उस पोस्ट का भी स्क्रीन शॉट भेजा गया था, जिसमें



रालोद विधायक ने एडी के साथ खिंचवाया गया फोटो फेसबुक पर पोस्ट किया था। शिकायत मिलने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस मामले की जांच एसडीएम को सौंपी। एसडीएम ने अपनी रिपोर्ट में आरोपों को सही ठहराया, जिसके बाद इस मामले की रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। जहां से इस मामले में एडी पशुपालन विभाग से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं, इस मामले में एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी को फोटो के साथ शिकायत मिली थी। जिसमें गया था कि एडी पशुपालन विभाग आरएलडी का प्रचार कर रहे हैं। जांच एसडीएम से से कराई गई थी। जांच सही पाई पाई तो इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। आरएलडी के चुनावी प्रचार के मामले के आरोपी पशुपालन विभाग के अपर निदेशक डॉ. आनन्द कुमार ने कहा कि उनके द्वारा किसी भी पार्टी का प्रचार नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि 18 नवम्बर को वह ऑफिस के कार्य से शामली गए थे और शामली से जब मुजफ्फरनगर में विभागीय अधिकारियों के साथ मीटिंग के लिए जा रहा था तो पीनना बाईपास के पास काफी भीड़ थी। जाम की स्थिति बन रही थी। जाम खुलवाने की गरज से जब वह गाड़ी से नीचे उतरे तो शामली विधायक प्रसुन्न चौधरी वहां पर मौजूद थे, जिन्होंने औपचारिक हाथ मिलाया। इसी दौरान उनके किसी समर्थक ने फोटो खींच लिया। चुनाव संबंधी न तो कोई बात हुई और न ही कोई चर्चा। यहां से वह मुजफ्फरनगर ऑफिस पहुंचे और अधिकारियों के साथ बैठक कर वापस सहारनपुर लौट गए।



## उर्फी जावेद ने लगाई चेतन भगत की क्लास, कहा, जब लड़कियों को मैसेज...

इंटरनेट फेम और बिग बॉस एक्स कंटेस्टेंट उर्फी जावेद (ह्वद्भद्ध छ्वड्ड1द्गस्त्र) ने अक्सर अपने विचित्र फैशन स्टाइल के लिए सुर्खियां बटोरी हैं. दूसरी ओर, उर्फी लोगों को उनका कमेंट का मुंहतोड़ जवाब देने में भी कभी पीछे नहीं रहती. ने हाल ही में मशहूर लेखर चेतन भगत को भी जबरदस्त जवाब दिया है. दरअसल चेतन भगत हाल ही में एक साहित्य इवेंट में शामिल हुए थे. चेतन भगत ने वहां अपने विचार रखे और संक्षेप में उर्फी के बारे में बात की और बताया कि कैसे उर्फी यूथ, विशेषकर लड़कों के बीच भटकाव का एक उदाहरण है. लेखक ने कहा, यूथ, खासकर लड़कों के लिए फोन एक ध्यान भंग करने वाला बड़ा माध्यम रहा है, लड़के सिर्फ इंस्टाग्राम रील्स देखने में घंटों बिताते हैं. उन्होंने आगे कहा, हर कोई जानता है कि उर्फी जावेद कौन है. उन्होंने यह भी कहा था, एक तरफ ऐसे भारतीय सैनिक हैं जो सीमा पर देश की रक्षा कर रहे हैं. और यहां हमारे युवा बिस्तर पर जा रहे हैं और उर्फी जावेद की तस्वीरों को देख रहे हैं. हर कोई उनकी फोटो लाइक कर रहे हैं. इसके बाद जब एक इवेंट में पैपराजी ने उर्फी से चेतन की इन टिप्पणी के बारे में बात की थी, तो उर्फी ने इस बात पर बुरी तरह से रिएक्ट किया है. उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता चेतन साहित्य इवेंट में ये सब क्यों बोल रहे हैं. उन्हीं से पूछो जाकर. साहित्य इवेंट में उन्हें ये सब बातें नहीं बोलनी चाहिए थीं. उर्फी का गुस्सा यहीं तक नहीं थमा, उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर चेतन भगत की क्लास लगा दी. एक्ट्रेस ने चेतन के स्र्द्ग ह्लश्रश्र केस पर कमेंट कर उनकी बेज्जती की. उन्होंने चेतन भगत का पुराना लिंक शेयर कर लिखा÷उनके जैसे आदमी अपनी कमियों को स्वीकार करने के बजाय हमेशा महिलाओं को दोष देंगे. सिर्फ इसलिए कि आप बैगरेत हैं इसका मतलब यह नहीं है कि यह लड़की की गलती है या और उसने क्या पहना है. उनका अपनी से आधी उम्र की लड़कियों को मैसेज करना उन्हें नहीं भटकाता है. तुम जैसे लोग लड़कियों को भटका रहे हैं, मैं नहीं.

# हंसिका मोटवानी ने मनाई बैचलरेट पार्टी

एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी इन दिनों अपनी शादी को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं. हंसिका 4 दिसंबर को सोहेल कथुरिया के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली है. प्री वेडिंग फंक्शन अपने जोरों पर हैं. हंसिका शादी के लिए कितनी एक्साइटेड है ये सोशल मीडिया पर उनकी फोटो देखकर साफ साफ पता चल रहा है. फिलहाल हंसिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी बैचलरेट पार्टी का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है जल्द ही सात फेरे लेने वाली हंसिका खुशी से झूम रही हैं. वीडियो में हंसिका मोटवानी सफेद रेशमी ड्रेस में नजर आ रही हैं, जिस पर दुल्हन यानी ब्राइड लिखा हुआ है. वीडियो की शुरुआत दिन शगना दा गाने से होती है. वहीं, उनकी ब्राइड्समेड्स कस्टमाइज्ड ब्लैक गाउन में नजर आ रही हैं. बाद में हंसिका सफेद सीक्विन वाली मिनी स्कर्ट और क्रॉप्ड सफेद शर्ट में पार्टी में पहुंचती नजर आ रही हैं. वीडियो में एक्ट्रेस की गर्लफ्रेंड के साथ मस्ती भरे ट्रिप की झलक भी दिखाई गई है. हंसिका को बैचलरेट पार्टी में भी शानदार समय बिताते हुए देखा गया है, जिसे उनके दोस्तों ने होस्ट किया था. हंसिका की करीबी दोस्त और पॉपुलर एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी को भी वीडियो में देखा गया है. कैप्शन की अगर बात करें तो हंसिका ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, बेस्ट बैचलरेट एवर, ब्लैस्ड विद द बेस्ट. हंसिका वीडियो में बहुत हसीन लग रही हैं. साथ ही उनके फैंस भी वीडियो पर हार्ट इमोजी ड्राप कर रहे हैं. वहीं कुछ दिन पहले हंसिका की माता के चौकी के लिए जाते हुए कुछ फोटोज भी सामने आई थी. फोटो में देखा गया था, हंसिका ने लाल साड़ी पहनी हुई है. इस लुक में भी वो बहुत ज्यादा खूबसूरत लग रही थीं. साथ ही उनके होने वाले पति सोहेल कथुरिया भी उनके साथ रे. ड कुर्ते में नजर आए थे. दोनों की जोड़ी साथ में बहुत खूबसूरत लग रही थी. कपल्स कथित तौर पर एक पारंपरिक सिंधी समारोह में शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रहे हैं, जो जयपुर के मुंडोता किले और महल में परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा. शादी का जश्न 3 दिसंबर, शनिवार को उसी स्थान पर मेहंदी, हल्दी और संगीत समारोह के साथ शुरू होने की उम्मीद है



**हंसिका को बैचलरेट पार्टी में भी शानदार समय बिताते हुए देखा गया है, जिसे उनके दोस्तों ने होस्ट किया था. हंसिका की करीबी दोस्त और पॉपुलर एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी को भी वीडियो में देखा गया है. कैप्शन की अगर बात करें तो हंसिका ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, बेस्ट बैचलरेट एवर, ब्लैस्ड विद द बेस्ट. हंसिका वीडियो में बहुत हसीन लग रही हैं. साथ ही उनके फैंस भी वीडियो पर हार्ट इमोजी ड्राप कर रहे हैं. वहीं कुछ दिन पहले हंसिका की माता के चौकी के लिए जाते हुए कुछ फोटोज भी सामने आई थी.**

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर जैकलीन फर्नांडीज ने किया खुलासा

*एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज जितना अपनी निजी जिंदगी को लेकर खबरों में रहती है उतना तो वो अपनी फिल्मों को लेकर नहीं रहती हैं. आज अदाकारा ने सुकेश चंद्रशेखर के साथ अपने कथित संबंधों पर एक मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया, जिस पर लोगों से 200 करोड़ रुपये ठगने का आरोप है. जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज मामले में अपनी पूछताछ के दौरान एक्ट्रेस ने कहा था कि अगर दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत एक मजिस्ट्रेट के सामने उनका बयान लिया जाता है तो वो डिटेल शेयर करेंगी. अदाकारा ने पटियाला हाउस जिला अदालत में अपना बयान दिया है, जो अब तक सामने नहीं आया है. कुछ रिपोर्ट के मुताबिक, जैकलीन की मश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं. आपको बता दें कि सुकेश चंद्रशेखर दिल्ली में जेल में बंद है, जिसने लोगों को कथित रूप से एक सरकारी अधिकारी के रूप में कई हाई-प्रोफाइल लोगों को धोखा दिया है. मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करने वाली प्रवर्तन निदेशालय जैसी जांच एजेंसियों ने आरोप लगाया है कि जैकलीन फर्नांडीज ने जबरन वसूली मामले में जांच के दौरान भारत छोड़ने की कोशिश की थी. जबकि एक्ट्रेस ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि सुकेश चंद्रशेखर के अपराधों के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी. ईडी ने यहां तक आरोप लगाया है कि एक्ट्रेस ने जांच के दौरान अपने मोबाइल फोन से डेटा हटाकर सबूतों के साथ छेड़छाड़ भी करने की कोशिश की है.*



पुष्पांजली टुडे | महानगर | ग्वालियर 28 नवम्बर सोमवार 2022


# विनय नगर जोन को बनाया जाएगा स्मार्ट जोन
# स्मार्ट जोन में उपभोक्ता फ्रैंडली सुविधायें मिलेंगी

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने कि ग्वालियर शहर की विद्युत वितरण व्यवस्था की समीक्षा


**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि 33 केव्ही फीडर पर ट्रिपिंग शून्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि11 केव्ही फीडर का भी इस प्रकार रख रखाव किया जाए कि वहां ट्रिपिंग न्यूनतम हो और यदि ट्रिपिंग होती है तो उस 11 केव्ही फीडर के रखरखाव और फोल्ट का विशलेषण होना चाहिए। विनय नगर जोन को स्मार्ट जोन में एक माह में बदल दिया जाएगा और यह स्मार्ट जोन उपभोक्ता फ्रैंडली होगा। ऊर्जा मंत्री रविवार 27 नवम्बर को ग्वालियर में रोशनी घर स्थित बिजली ऑफिस में ग्वालियर शहर की विद्युत वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ट्रिपिंग को लेकर अधिकारियों को गंभीर होना चाहिए क्योंकि इससे बिजली कंपनी की छवि खराब होती है। यदि यह पाया गया कि लापरवाही के कारण ट्रिपिंग हो रही है तो संबंधित जूनियर इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियर के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। बैठक में निर्देशित किया गया कि खराब तथा झुके हुए खम्बों को तुरंत दुरूस्त किया जाए। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन फीडरों पर ट्रिपिंग शून्य होगी उससे संबंधित कर्मचारियों को उनके द्वारा पुरूस्कृत किया जाएगा। उपभोक्ता शिकायतों को हल करने के लिये रिस्पोंस टाइम 45 मिनट का है, जिसे घटाने की आवश्यकता है ताकि उपभोक्ता संतुष्टि में वृद्धि हो सके। बिलिंग संबंधी शिकायतों के गंभीरता से लिया जाकर निर्धारित समय सीमा में हल किया जाए। खराब एवं जले मीटरों को तत्काल बदला जाए। ऊर्जा मंत्री ने ग्वालियर शहर में नये विद्युत उपकेन्द्रों के निर्माण कार्य, नई लाइनों के साथ साथ अन्य विद्युत विकास के कार्यों को जलदी पूर्ण करने के निर्देश दिये। विद्युत वितरण कंपनी की महिला कार्मिकों के लिये प्रत्येक कार्यालय में प्रथक से शौचालय बनाये जायें । ग्वालियर शहर के प्रमुख चौराहों के आस पास लगे ट्रांसफार्मर एवं उपकेन्द्रों को रंग रोगन कर सुंदर बनाया जाए। ऊर्जा मंत्री ने सभी मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपभोक्ताओं से लोक व्यवहार के दौरान शालीनता बर्ती जाए और ऐसा व्यवहार किया जाए जिससे कि बिजली कंपनी की छवि और अच्छी हो सके। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक ग्वालियर क्षेत्र राजीव गुप्ता, भोपाल से आये ओएसडी ऊर्जा मंदार पुराणिक, महाप्रबंधक शहर नितिन मांगलिक, महाप्रबंधक ग्रामीण दिनेश सुखीजा सहित सभी मैदानी अधिकारी उपस्थित थे।



## एक नजर...

### राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कौमी एकता व संविधान दिवस पर केआरजी में कार्यक्रम हुए आयोजित

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे





**ग्वालियर।** शहर के शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कौमी एकता एवं संविधान दिवस के कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया।इस कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला शुक्ला ने संविधान दिवस के महत्व उद्देश्य संविधान की विशेषता के बारे में बताया इसके पश्चात में अधिकारी डॉ संगीता सोमवंशी ने संविधान के इतिहास को बताते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य क्या सार्थकता है उसे स्पष्ट किया।इसके बाद छात्राओं ने संविधान दिवस पर कु.भारती मांझी,वैष्णवी मुद्गल,काजल यादव,अंचल,अंकिता ने अपने विचार प्रस्तुत किए साथ ही अनेकता में एकता दिखाते हुए संविधान के प्रति निष्ठा के लिए शपथ ली गई और संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया गया।इसके पश्चात छात्राओं ने संविधान में वर्णित अनेकता में एकता को प्रदर्शित करने वाली विशिष्टओं को बताते हुए राज्यवार प्रस्तुतियां दी नृत्य,गीत- संगीत आदि गतिविधियों के द्वारा भारत के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति,वेश-भूषा,जीवन-शैली की विशिष्टता को बताते हुए विविधता मे एकता का सन्देश दिया।इस कार्यक्रम में छात्राओं ने पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात आंध्र प्रदेश आदि राज्यों की छवियों को अत्यधिक मनभावन तरीकों के साथ प्रदर्शित किया।इस कार्यक्रम का मंच संचालन हनी तोमर और मुस्कान चौधरी ने किया और यह कार्यक्रम भानुप्रिया के आभार किया।यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ एम.आर कौशल एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.वीणा शुक्ला,डॉ.संगीता सोमवंशी के संरक्षण में हुआ एवं अन्य प्राध्यापकों ने मौजूद रह कर छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।छात्राओं ने अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थिति दर्ड़ कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### झुग्गी में रहने बच्चों के बीच पहुँचकर समाजसेवियों ने किया संवाद

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे





**ग्वालियर।** शहर की समाजसेवी संस्था कावेरी वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा शनिवार को पारस बिहार कालोनी, झांसी रोड स्थित झुग्गी बस्ती के छोटे छोटे बच्चों के बीच एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन श्री ओ पी दीक्षित जी के सानिध्य में किया गया।इस अवसर पर संस्था द्वारा बच्चों को स्टेशनरी सामग्री एवं स्वल्पाहार वितरण किया गया।इस अवसर पर संस्था अध्यक्षा श्रीमती हेमलता राव,कोषाध्यक्ष सुश्री कंचन, कार्यक्रम संयोजक ऋषि जैन,कार्यक्रम उप संयोजक हैरी उपस्थित थे।ज्ञातव्य है कि श्री ओ पी दीक्षित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में झुग्गी बस्ती में निवास करने वाले गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करते हैं।

## रागायन की मासिक संगीत सभा, सर्द मौसम में सुरों की गर्माहट

**ग्वालियर।** शहर की प्रतिष्ठित सांगीतिक संस्था रागायन की मासिक संगीत सभा युवा कलाकारों के नाम रही। सिद्धपीठ श्री गंगादास जी की बड़ी शाला में रविवार की शाम सर्द मौसम में सजी सुर साज की इस महफिल में सुरों का ऐसा रंग जमा कि सर्दी का अहसास जाता रहा,और माहौल में गर्माहट तारी हो गई। आज की यह सभा इसलिए खास रहीं कि यह शाला के सत्रहवें महंत श्री रामेश्वरदास जी की स्मृतियों को समर्पित रही। उनके पुण्य स्मरण पर रामायण का सांगीतिक पारायण भी किया गया। शुरू में रागायन के अध्यक्ष एवम शाला के पीठाधीश्वर स्वामी रामसेवकदास जी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवम गुरु पूजन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। सभा की पहली प्रस्तुति में मुरैना से आए पंडित सुभाष देशपांडे के सुयोग्य शिष्य सुजल जैन का सुमधुर गायन हुआ। सुजल ने राग पुरिया कल्याण में गायन प्रस्तुत किया। एकताल में निबद्ध विलंबित बंदिश के बोल थे - होबन लागी सांझ जबकि तीन ताल में मध्यलय की बंदिश के बोल थे -लाखों में एक है । सुजल ने दोनो ही बंदिशों को बड़े सलीके से गाया। गायन का समापन उन्होंने भजन - रघुवर तुमको मेरी लाज से किया। सुजल के साथ तबले पर मनोज शर्मा, एवम हारमोनियम पर संजय देवले ने संगत की। सभा की दूसरी प्रस्तुति में ग्वालियर के वरिष्ठ कलाकार श्री जगतनारायणं शर्मा का एकल पखावज वादन हुआ। आपने चौताल में वादन की प्रस्तुति दी। उन्होंने विविधतापूर्ण लय कारियों के साथ कुछ परनें तिहाइयां आदि ओजपूर्ण ढंग से पेश किए। आपके साथ श्री मनीष शर्मा ने हारमोनियम पर नगमा दिया। सभा का समापन युवा गायक प्रज्वल शिर्के के खयाल गायन से हुआ। प्रज्वल ने अपने गायन के लिए राग यमन का चयन किया। झुमरा में निबद्ध विलंबित बंदिश -ऐरी लाल मिले को सलीके से पेश करते हुए उन्होंने सिलसिलेवार राग की बढ़त की और तीनताल मध्यलय की बंदिश - ननदी के वचनवा÷ को बड़े ही सहज ढंग से पेश किया। इसके बाद तीनताल द्रुत लय में तराने की पेशकश भी शानदार रही। प्रज्वल के साथ तबले पर उनके पिता लोकेंद्र शिर्के और हारमोनियम पर शशांक शिवहरे ने संगत की।



**रामायण पाठ का समापन**-महंत श्री रामेश्वरदास जी की पुण्य स्मृति में शाला में गत 25 नवंबर से आयोजित तीन दिवसीय रामायण पाठ का आज समापन हो गया। इस अवसर पर बोलते हुए सेवानिवृत डी आई जी श्री योगेन्द्र कुमार पचौरी ने कहा कि रामायण पाठ सभी शहीद संतों वी शाला के दिवंगत संतों की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। आने वाली पीढ़ियां यह परंपरा बरकरार रखें और भगवान राम की भक्ति से जुड़कर दानपुण्य के काम करें यही हम सबकी कामना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, और संगीत रसिक उपस्थित रहे।

## स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत होगा वीरपुर बांध का सौंदर्यीकरण

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में आज होगा 83 लाख रुपए लागत के सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमि-पूजन

**ग्वालियर।** वीरपुर बांध पर मूलभूत सुविधाओं का विकास और बहुप्रतीक्षित सौंदर्यीकरण कार्य स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत मूर्तरूप लेने जा रहे हैं। शहर के वार्ड 65 स्थित वीरपुर बांध क्षेत्र में 83 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य कराए जाएंगे। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में सोमवार 28 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे इन कार्यों का भूमिपूजन होगा। स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती नीतू माथुर ने बताया कि वीरपुर बांध क्षेत्र में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सुरक्षा उपायों के साथ इस प्रकार से सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएँगे, जिससे इस क्षेत्र की पर्यटन स्थल के रूप में पहचान बने। उन्होंने बताया कि वीरपुर बांध पर प्रकाश व्यवस्था, शौचालय की सुविधा, व्यावसायिक क्षेत्र, बैठने की जगह, लैंडस्केपिंग, सेल्फी प्वाइंट व पक्के रास्ते आदि कार्य प्रस्तावित है।

## ऊर्जा मंत्री तोमर एवं महापौर डॉ सिकरवार ने झलकारी बाई पार्क में किया मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान

**ग्वालियर।** भारत की स्वाधीनता के लिये 1857 में हुए संग्राम में पुरूषों के साथ में महिलाओं ने भी कन्धे से कन्धा मिलाकर बराबर का सहयोग दिया था। झलकारी बाई ने हमारी और आपकी रक्षा के लिये जो बलिदान दिया वह इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा गया है। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। यह बात प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने झलकारी बाई पार्क में वीरांगना झलकारी बाई अवार्ड से नवाजे गए प्रतिभा सम्मान समारोह एवं चल समारोह में व्यक्त किये।

महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने कहा कि जिस प्रकार झलकारी बाई ने समाज के उत्थान के लिये बलिदान दिया था उसी प्रकार हमें भी निडर व स्वतंत्र होकर समाज को आगें बडाने का कार्य करना है। साथ ही झलकारी बाई पार्क में सीढियां व सौंदर्यीकरण के लिये अपनी सहमति कोरी समाज को दी। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि वीरांगना ने समाज व देश की रक्षा के लिये बलिदान दिया है। उनके बलिदान को हमें बेकार नहीं जाने देना है आज हमें प्रण करना है कि अपने नौनिहालों को शिक्षित बनायें जिससे हम समाज का भला कर सकें। हमारा नौनिहाल शिक्षित होगा तो वह अपने परिवार व देश का भी उत्थान कर सकेगा। इसके साथ ही शराब बंदी के खिलाफ कोरी समाज द्वारा चलाये जा रहे जनआंदोलन में सहयोग देने के लिये भी कहा। साथ ही कोरी समाज की मांग पर स्मार्ट क्लास बनाने के लिये विधायक निधि से 10 लाख रूपये एवं स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने के लिये 2 लाख रूपये देने की घोषणा की। महापौर डॉ शौभा सतीश सिंह सिकरवार, घनश्याम कोरी, डॉ आरडी दत्त, डॉ प्रकाश वीर आर्य, राजेन्द्र महोविया, रतीराम शर्मा, कपिल शाक्य, मोतीलाल सहित बडी संख्या में कोरी समाज की महिलायें एवं पुरूष तथा झलकारी बाई का भेष धारण किये हुए बडी संख्या में समाज की बेटियां उपस्थित रहीं। झलकारी बाई पार्क में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में वीरांगना झलकारी बाई अवार्ड से समाज की 150 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।



## रोटरी क्लब ग्वालियर रीगल बिरला हास्पीटल का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न






रोटरी क्लब ग्वालियर रीगल द्वारा हजीरा चौराहे पर बिरला हॉस्पिटल ग्वालियर की टीम के सहयोग से निशुल्क डायबिटीज़, ब्लडप्रेशर डॉ मुकेश तोमर एमडी मेडिसिन के नेतृत्व में बीमारियों के जांच हेतु मुफ्त शिविर लगाया गया। इस शिविर में लगभग 289 लोगो का ब्लड शुगर वीपी का परीक्षण के साथ साथ गंभीर मरीजों अधिक बीमारी से परेशानी होने चेस्ट खासी,लीवर गैस्टिक के 215 मरीज को निशुल्क बीमारी के समाधान के लिए उपचार लिखकर दिया गया । ग्वालियर का यह सबसे शानदार निशुल्क डायविटीज वीपी परामर्श शिविर संपन्न हुआ लगभग 300 से अधिक लोगो को स्वस्थ लाभ प्राप्त हुआ । शिविर के मुख्य अतिथि उमेश मिश्रा जीएम टैक्सेशन हैड जे के टायर ने विशेष सहयोग प्रदान किया इस शिविर में अध्यक्ष रोटे हैमंत जैन सचिव रोटे दीपक वाजपेई, सी ए रोटङ शशिकांत चतुर्वेदी, रोट.महेन्द्र शर्मा ,इमिडेट पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन सुधीर त्रिपाठी निस्वार्थ रक्त सेवक के मार्गदर्शन में शानदार व्यवस्था के साथ स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ । शिविर में रोटरेक्ट क्लब ग्वालियर रीगल की टीम से अध्यक्ष निवेश शर्मा ,पंकज ठाकुर, उत्कर्ष पचौरी, उपस्थित थे।

## ऊर्जा मंत्री तोमर एवं महापौर डॉ. सिकरवार ने वार्ड-9 में किया संजीवनी क्लीनिक का भूमि पूजन

**ग्वालियर।** ग्वालियर के विकास में राजनीति का कोई स्थान नहीं होगा। हमारा प्रयास है ग्वालियर विकास के मामले में प्रदेश में पटल पर हो। विकास की धारा अनवरत रूप से चलती रहे यही हमारा प्रयास रहेगा। साथ ही कहा कि मानव सेवा करना मेरा उद्धेश्य रहा है और वह हमेशा जारी रहेगा। उक्ताशय के विचार प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने काशी नरेश की गली वार्ड 9 में संजीवनी क्लीनिक के भूमि पूजन के अवसर पर कहे। महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने कहा शहर विकास के लिये हम दलगत राजनीति से उठकर कार्य करेगें। मेरा प्रयास रहेगा कि ईमांदारी से जनसेवक के रूप में आपका कार्य करूं। साथ ही कहा कि शहर को साफ व स्वच्छ शहर बनाने के लिये हमें सभी का सहयोग चाहिए। वार्ड-9 काशी नरेश की गली पुरानी मीट मार्केट किलागेट पर 18 लाख रूपये की लागत संजीवनी क्लीनिक के निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि संजीवनी क्लीनिक खुल जाने से छोटी छोटी बीमारियों के इलाज के लिये आपको सिविल अस्पताल य अन्य जगहों पर नहीं जाना पडेगा। संजीवनी क्लीनिक पर कई प्रकार की जांचे निशुल्क होंगी। इसके साथ ही कहा कि सिविल अस्पताल हजीरा में मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किये जा रहे हैं। बडी संख्या में क्षेत्र के नागरिक नेत्र शिविर का लाभ ले रहें हैं। यह नेत्र शिविर 4 दिसम्बर तक जारी रहेगा इसलिये क्षेत्र के बुजुर्ग नागरिक ज्यादा से ज्यादा इस शिविर का लाभ लें। साथ ही कहा कि अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा भी चालू हो चुकी है। कार्यक्रम में महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार, मंडल अध्यक्ष मनमोहन पाठक, पार्षद श्रीमती अनीता कुशवाह, शकील मंसूरी सहित पूर्व पार्षद केशव मांझी, धीरू यादव, एहसान खान, सुरेश सविता, ओमी अरोरा, सुमेर सिंह सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478